वैशाख माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 108, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 14 मई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# जे&के: 350 कश्मीरी पंडितों का इस्तीफा

## कश्मीरी पंडितों का फूटा गुस्साः कश्मीरी पंडित राहुल भट की हत्या की जांच के लिए एसआईटी गठित, 350 सरकारी कर्मचारियों ने एक साथ इस्तीफा दे दिया, 24 घंटे के भीतर सेना ने लिया इंतकाम, राहुल भट्ट के हत्यारे आतंकियों को मार गिराया







**श्रीनगरः** कश्मीरी पंडित राहुल भट्ट की हत्या में शामिल तीनों आतंकियों को सुरक्षाबलों ने 24 घंटे के अंदर मार गिराया है। उधर, कश्मीरी पंडितों में लगातार निशाना बनाकर हो रहे हमलों से खौफ फैल गया है। इस टारगेट किलिंग के विरोध में 350 सरकारी कर्मचारियों ने एक साथ इस्तीफा दे दिया है।

**कश्मीरी पंडितों ने उपराज्यपाल को भेजे इस्तीफेः** राहुल भट्ट की हत्या को लेकर कश्मीरी पंडितों में भारी आक्रोश है। हत्या के विरोध में शुक्रवार को 350 सरकारी कर्मचारियों ने इस्तीफा दे दिया है। कर्मचारियों ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को अपने इस्तीफे भेज दिए हैं। सभी कश्मीरी पंडित प्रधानमंत्री पैकेज के कर्मचारी हैं।

इन लोगों का कहना है कि घाटी में कश्मीरी पंडित सुरक्षित नहीं है। रोज इसकी बानगी देखने को मिलती है। सरकार कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा देने के वादे तो करती है, लेकिन वो जमीन पर दिखाई नहीं देते। ऐसे में हम कश्मीर में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

**सुरक्षाबलों को आंसू गैस के गोले और लाठीचार्ज करना पड़ाः** प्रदर्शनकारियों को काबू करने के लिए सुरक्षाबलों को आंसू गैस के गोले और लाठीचार्ज करना पड़ा। इसके बाद पूरी घाटी में हालत गंभीर बने हुए है। कश्मीर के सभी जिलों में प्रदर्शन चल रहे हैं। कश्मीरी पंडित कर्मचारियों का कहना है कि बिना सुरक्षा के वह दफ्तर नहीं जाएंगे।

**कश्मीरी पंडितों ने राहुल भट्ट के शव के साथ सड़क पर विरोध जतायाः** इससे पहले वीरवार शाम को कश्मीरी पंडितों ने राहुल भट्ट के शव के साथ सड़क पर विरोध जताया और उप राज्यपाल के आने तक शव उठाने से इनकार कर दिया। देर रात तक जगह जगह विरोध प्रदर्शन चलता रहा। बाद में उप पुलिस महानिरीक्षक सुजीत कुमार के आश्वासन पर कर्मचारी शव उठाने को तैयार हुए।

**गुरुवार से ही चल रहा था सर्च ऑपरेशनः** गुरुवार को आतंकियों ने बड़गाम जिले के चडूरा तहसील ऑफिस में घुसकर क्लर्क राहुल को शूट कर दिया था। इसके बाद राहुल ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। घटना के बाद से ही इलाके में सर्च ऑपरेशन चल रहा था। इसी बीच पुलिस और सुरक्षाबलों की टीम को जानकारी मिली कि बांदीपोरा के बरार इलाके में कुछ आतंकी छिपे हुए हैं।

शुक्रवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर हुआ। इसमें राहुल की हत्या में शामिल तीनों आतंकी ढेर हो गए।

## कटडा में बस में लगी आग, चार यात्रियों की मौत व 24 घायल



**उधमपुर/कटडाः आधार** शिविर कटडा से जम्मू जा रही सवारियों से भरी एक बस में अचानक आग लगने चार यात्रियों की झुलसने से मौत हो गई। इस दुर्घटना में झुलसे 24 यात्रियों को सीएचसी कटडा ले जाया गया। प्राथमिक उपचार देने के उपरांत एक यात्री को छोड़कर बाकी सभी को जम्मू रैफर कर दिया गया। रेडक्रास सोसाइटी ने मृतकों के प्रत्येक परिवार को एक लाख रुपये और झुलसे लोगों को 25 से 50 हजार रुपये तक का मुआवजा देने की घोषणा की है। बताया गया कि शुक्रवार को शाम करीब 4 बजे आधार शिविर कटडा से जम्मू जा रही बस अभी करीब डेढ किलोमीटर दूर कडमाल के पास पहुंची ही थी कि उसमें इंजन में अचानक आग लग गई और यह आग इतनी जल्दी फैल गई कि उसने किसी को भी संभलने का मौका नहीं दिया। देखते ही देखते पूरी बस को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। बस में आग लगते ही यात्रियों में हाहाकार मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस तथा दमकल विभाग को दी। पुलिस तथा दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह से आग पर काबू पाया। दुर्घटना में चार लोगों की बुरी तरह से झुलसने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। 24 झुलसे बस यात्रियों को तुरंत सीएचसी कटडा ले जाया गया।

## आतंकवाद को समर्थन देने के आरोप में तीन सरकारी कर्मचारी सेवा से बर्खास्त

**जम्मूः जम्मू-कश्मीर** प्रशासन ने आतंकवाद को समर्थन देने के आरोप में तीन सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इनमें एक विश्वविद्यालय का प्रोफेसर, शिक्षक और एक सिपाही था। जम्मू-कश्मीर प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कश्मीर विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान के प्रोफेसर अल्ताफ हुसैन पंडित, स्कूल शिक्षा विभाग के एक शिक्षक मोहम्मद मकबूल हाजम और जम्मू-कश्मीर पुलिस के सिपाही गुलाम रसूल पर आतंकवाद को समर्थन देने का आरोप था। सूत्रों के अनुसार भारत के संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (सी) के तहत मामलों की जांच और सिफारिश करने के लिए जम्मू-कश्मीर में नामित समिति ने इन तीन कर्मचारियों को आतंकवाद से लिंक रखने और एक ओवरग्राउंड वर्कर के रूप में काम करने के लिए इनको सरकारी सेवा से बर्खास्त करने की सिफारिश की थी। इसी आधार पर जम्मू कश्मीर प्रशासन ने तीनों को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया है। यह सरकार कार्यवाही उस प्रयास का एक हिस्सा थी, जो पिछले शासन के दौरान सिस्टम में घुसने वाले सिस्टम के भीतर आतंकी तत्वों का पता लगाने और उन्हें कम करने के लिए था। सूत्रों के अनुसार कश्मीर विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान के प्रोफेसर अल्ताफ हुसैन पंडित जमात-ए-इस्लाम (जेईआई) से सक्रिय रूप से जुड़ा था और आतंकी प्रशिक्षण के लिए पाकिस्तान गया था। 1993 में सुरक्षा बलों की गिरफ्तारी से पहले वह तीन साल तक जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट का सक्रिय आतंकी बना रहा। रिपोर्ट के अनुसार अल्ताफ हुसैन लश्कर-ए-तैयबा का सक्रिय आतंकी भी रहा और युवाओं को आतंकियों की भर्ती करने का कार्य करता था। उसने 2011 और 2014 में आतंकवादियों की हत्या के खिलाफ पथराव और हिंसक विरोध प्रदर्शन आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 2015 में वह कश्मीर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ का कार्यकारी सदस्य बना और उसने छात्रों के बीच अलगाववाद का प्रचार करने के लिए इस पद का इस्तेमाल किया। उस ने छात्रों को आतंकी रैंक में शामिल होने के लिए भी प्रेरित किया।

## पार्टी के प्रति समर्पित होकर काम करें: सोनिया



**उदयपुरः** कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि देश को पार्टी से बहुत उम्मीदें हैं और इसे पूरा करने के लिए सभी सिपाहियों को पूर्ण आत्मविश्वास, ऊर्जा एवं प्रतिबद्धता के साथ काम करना होगा। सोनिया गांधी ने शुक्रवार को राजस्थान के उदयपुर में कांग्रेस के चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने हमें बहुत कुछ दिया है अब समय है कि हम पार्टी के प्रति समर्पित होकर काम करें। उन्होंने कहा कि हर संगठन को जीवित रहने के लिए बदलाव लाने पड़ते हैं। हमें भी सुधारों की सख्त जरूरत है। सोनिया गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि देश में डर का माहौल पैदा किया जा रहा है। अल्पसंख्यकों को क्रूरता के साथ निशाना बनाया जा रहा है। अल्पसंख्यक भी हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं और हमारे देश के समान नागरिक हैं। सोनिया गांधी ने कहा कि यह सरकार इतिहास में फेरबदल करने की कोशिश कर रही है। पंडित नेहरू के योगदान को कमतर आंकने का प्रयास किया जा रहा है। महात्मा गांधी के हत्यारे का महिमामंडन हो रहा है और यह लोग गांधी के सिद्धांतों को मिटाने में लगे हैं। वर्तमान सरकार जांच एजेंसियों का भी गलत उपयोग कर प्रतिद्वंदियों को परेशान कर रही है।

उन्होंने कहा कि इस चिंतन शिविर में देश के सामने पनप रही चुनौतियों पर चिंतन-मंथन के साथ-साथ पार्टी को मजबूत बनाने को लेकर संवाद करने का अच्छा मौका है। जब हम इस चिंतन शिविर से वापस लौटें तो पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और प्रतिबद्धता के भाव से काम करें।

## पंथ और संप्रदाय विभाजन के लिए नहीं: सीएम योगी




**वाराणसीः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंच चुके हैं। सबसे पहले सीएम जंगमबाड़ी मठ पहुंचे। यहां आयोजित श्री जगतगुरु विशेश्वर शिवाचार्य महास्वामी के पंचाधिक शताब्दी जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मठ में पूजा अर्चना की और साधुओं से मुलाकात भी की। संतों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में अलग-अलग पंथ और समुदाय हैं। लेकिन ये विभाजन के लिए नहीं हैं। यह मंजिल तक पहुंचने के लिए अलग-अलग मार्ग हैं। लक्ष्य सबका एक ही है वसुधैव कुटुंबकम। उन्होंने कहा कि हम सभी को सदैव धर्म के मार्ग पर चलकर उसका अनुसरण करना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि पूरे भारत को तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व मिल रहा है।

## सहारा प्रमुख सुब्रत राय को 'सुप्रीम' राहत

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने सहारा प्रमुख सुब्रत राय को राहत दी है। कोर्ट ने सुब्रत राय की गिरफ्तारी के आदेश पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 19 मई को होगी। एक निवेशक की याचिका पर पटना हाई कोर्ट ने सुब्रत राय की गिरफ्तारी का आदेश दिया था। 12 मई को पटना हाई कोर्ट ने सुब्रत राय को आदेश दिया था कि वे 13 मई को किसी भी सूरत में कोर्ट में पेश हों लेकिन 13 मई को सुब्रत राय पेश नहीं हुए। उसके बाद हाई कोर्ट ने गिरफ्तार करने का आदेश जारी कर दिया। गिरफ्तारी के आदेश के खिलाफ सुब्रत राय तुरंत सुप्रीम कोर्ट पहुंचे।

## तय समय 21 मई को ही होगी नीट पीजी परीक्षा



**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने 21 मई को होने वाली नीट पीजी परीक्षा स्थगित करने की मांग को ठुकरा दिया है। शुक्रवार को जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ऐसा करना परीक्षा की तैयारी करने वाले हजारों डॉक्टरों के हित के खिलाफ है। याचिकाकर्ता डॉक्टर दिनेश कुमार रेड्डी ने अपनी याचिका में कहा था कि 2021 की मेडिकल पीजी प्रवेश प्रक्रिया अब तक जारी है। इसलिए 2022 की परीक्षा को कुछ समय के लिए टाल दिया जाए। याचिकाकर्ता के वकील आशुतोष दुबे और अभिषेक चौहान ने कहा कि जिनकी अभी 2021 की पीजी प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, उनका ध्यान 2022 की पीजी परीक्षा पर नहीं है। उन डॉक्टरों को पीजी 2022 की तैयारी के लिए छह से आठ हफ्ते का समय मिलना चाहिए। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद नीट पीजी 2022 की परीक्षा स्थगित करने से इनकार कर दिया।

## दिल्ली: मुंडका की इमारत में लगी भीषण

### कई लोग फंसे, एक महिला का शव बरामद



**नई दिल्लीः** पश्चिमी दिल्ली में मुंडका मेट्रो स्टेशन के पिलर नंबर 544 के पास एक इमारत में आग लग गई है। सूचना पर दमकल की 24 गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। खबर लिखे जाने तक दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं। इमारत में कई लोग फंसे थे, जिन्हें दमकल कर्मियों ने निकाल लिया है। हालांकि आग से झुलसी एक महिला की मौत हो गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग ने इमारत की खिड़कियां तोड़ीं। लोगों को बचाया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधिकारी समीर शर्मा ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तीन मंजिला व्यावसायिक इमारत का इस्तेमाल आमतौर पर कंपनियों को कार्यालय की जगह उपलब्ध कराने के लिए किया जाता था।

आग इमारत की पहली मंजिल से लगी, जिसमें एक सीसीटीवी कैमरा और राउटर निर्माण कंपनी का कार्यालय है। कंपनी का मालिक पुलिस हिरासत में है। पुलिस ने कहा कि घटना में एक मौत हो गई है। स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## ट्विटर की डील अटकी, एलन मस्क ने ट्वीट कर दी जानकारी




**नई दिल्लीः पॉपुलर** सोशल मीडिया कंपनी अभी एलन मस्क की नहीं हुई है। ट्विटर की डील फिलहाल होल्ड पर है। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एवं इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने ट्वीट कर शुक्रवार को यह जानकारी दी। एलन मस्क ने अपने ट्वीट में कहा कि माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर को खरीदने की उनकी प्रस्तावित योजना स्पैम एवं फर्जी खातों से जुड़े ब्योरा आने तक 'अस्थायी तौर पर स्थगित' की जा रही है। उल्लेखनीय है कि ट्विटर के सबसे बड़े शेयरधारक एलन मस्क ने 44 अरब डॉलर में इसका अधिग्रहण करने का ऐलान किया था, जिसके लिए उन्होंने कोष जुटाना भी शुरू कर दिया था। उल्लेखनीय है कि एलन मस्क के इस ऐलान से एक दिन पहले ट्विटर ने अपने दो शीर्ष प्रबंधकों को नौकरी से निकाल दिया था।

## कांग्रेस जल्द लागू कर सकती है 'एक परिवार एक टिकट' का फॉर्मूला



**उदयपुरः कांग्रेस** महासचिव अजय माकन ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी जल्द ही 'एक परिवार एक टिकट' का फॉर्मूला लागू कर सकती है। माकन ने उदयपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पार्टी के पदाधिकारी इस नियम पर सहमत हैं। आने वाले दिनों में कांग्रेस इसे लागू कर सकती है। माकन ने कहा कि इस नियम से सिर्फ ऐसे परिवार के सदस्य को छूट मिलेगी जिसने पांच साल तक पार्टी के लिए बहुत अच्छा काम किया होगा। अब पैराशूट उम्मीदवारों के लिए पार्टी में कोई जगह नहीं होगी। माकन ने कहा कि पार्टी में 50 फीसदी युवाओं को मौका दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने के लिए कई तरह के बदलाव किए जाएंगे। यह बदलाव बूथ और ब्लॉक स्तर भी किए जाएंगे। माकन ने कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी के पदाधिकारियों के मूल्यांकन के लिए कांग्रेस एक मूल्यांकन विंग भी बनाएगी। यह विंग पार्टी से जुड़े लोगों का मूल्यांकन करेगी। जो अच्छा काम करेंगे वह पुरस्कृत होंगे और जो काम नहीं करेंगे वह पार्टी से बाहर किए जाएंगे।

## श्रीलंकाई नागरिकों को वीजा देना बंद नहीं किया गया: भारतीय उच्चायोग

**नई दिल्लीः श्रीलंका** स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस बात का खंडन किया है कि उसकी ओर से पड़ोसी देश के नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया गया है। उच्चायोग ने एक वक्तव्य में कहा कि उसकी या भारतीय महावाणिज्य दूतावास या श्रीलंका में भारत के सहायक उच्चायोग ने वीजा जारी करना बंद नहीं किया है। पिछले कुछ दिनों से हमारी वीजा विंग के कर्मचारियों के काम नहीं कर पाने के चलते परिचालन संबंधी कठिनाइयां पेश आ रही हैं।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि: मथुरा ईदगाह सर्वे की मांग



**मथुराः** नारायणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव, अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा व श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्याय के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह ने वाराणसी में ज्ञानव्यापी मस्जिद की तर्ज पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि ईदगाह प्रकरण में शाही ईदगाह पर सर्वे की मांग अदालत से की है। तीनों ने ही इस संबंध में अदालत में प्रार्थनापत्र दिया है। कहा है कि ईदगाह परिसर का भी अधिवक्ता कमीशन द्वारा सर्वे किया जाना चाहिए। अदालत ने उनके प्रार्थनापत्र को स्वीकार कर एक जुलाई को सुनवाई का निर्णय लिया है। पूरे देश में इस समय वाराणसी की ज्ञानव्यापी मस्जिद प्रकरण में अदालत द्वारा अधिवक्ता कमीशन से सर्वे कराया जाने का निर्णय चर्चा में बना हुआ है। ज्ञानव्यापी मस्जिद के संबंध में वाराणसी की अदालत द्वारा दिए गए गए अधिवक्ता कमीशन सर्वे के निर्णय को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को नारायणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष व श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्याय के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में प्रार्थनापत्र दिया।

## खबर संक्षेप

### चनैनी मे लैपटाप वितरण 15 मई कों

**जसरा।** आराध्या फाउंडेशन की अध्यक्ष एवम मानव विज्ञान की प्रोफेसर डॉ. अस्मिता सिंह आगामी 15मई कों करछना तहसील के चनैनी प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण मे 10मेधावी बेटियों कों लैपटाप भेंट करके उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए प्रोत्साहित करेंगी। इसके साथ ही उसी दिन करछना विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मदरा मे संजीता एवम अमीषा इन दो बेटियों के हाथ पीले करने हेतु घी, चीनी, आटा के नकद राशि भेंट किया जाएगा। उक्त जानकारी संस्था की सचिव डॉ. उषा पटेल के माध्यम से प्रदान किया गया हैं।

### दलित को फोन से बुलाकर मारा पीटा, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक दलित को फोन कर के नहर के किनारे बुलाकर मारा पीटा गया और जाति सूचक गालियां दी गई।भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर निवासी धीरेन्द्र कुमार सरोज पुत्र मोहनलाल का आरोप है कि उसे फोन करके मनसैयता नहर के पास बुलाकर जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा गया। पुलिस ने धीरेन्द्र कुमार सरोज की तहरीर पर आदित्य कुमार यादव ,तेजबहादुर यादव ,योगेन्द्र यादव के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ब्रांडेड कंपनियों की क्लोन वेबसाइट बनाकर ठगे 30 करोड़

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शुक्रवार को पुलिस ने ठगी करने वाले 3 लड़कों को पकड़ा है। इनमें एक ने एमसीए की डिग्री ली है तो दूसरे ने बीटेक किया है। तीनों दिल्ली की एक कंपनी में 16 हजार रुपए तनख्वाह की नौकरी करते थे, लेकिन लॉकडाउन में नौकरी चली गई। इसके बाद इन्होंने अपना अंतरराज्यीय गैंग बनाया। तीनों ब्रांडेड कंपनियों जैसे जो ईजी-डे, रायल इनफील्ड, जावा मोटर, मदर डेयरी, बजाज फाइनेंस आदि की क्लोन वेबसाइट बनाकर लोगों को ठगते थे।गूगल पर ये अपनी फेक कंपनियों की रैंकिंग भी कराते थे। पुलिस के मुताबकि ये अब तक 600 लोगों से 30 करोड़ की ठगी कर चुके हैं। लेकिन प्रयागराज के एक कारोबारी की शिकायत पर पकड़े गए।



**फ्रेंचाइजी देने का वादा कर जमा कराए रुपए :** प्रयागराज के रहने वाले व्यवसायी मोहम्मद सईद और सोनाली जायसवाल पीड़ित हैं। इन लोगों ने बताया कि उनसे ईजी-डे की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर बात शुरू हुई। इसके बाद कहा गया कि उनकी ऐप्लीकेशन अप्रूव हो गई है। यहीं से ठगी की कहानी शुरू हुई। इसके बाद सिक्योरिटी मनी के नाम पर 30 हजार से 50 हजार रुपए जमा कराए गए। इसके बाद एक फर्जी ऑनलाइन सर्टिफिकेट जारी किया गया। सर्टिफिकेट जारी होने के बाद माल भेजने के नाम पर पांच से 8 लाख रुपए मंगाए गए। सर्टिफिकेट मिलने के दोनों व्यापारियों ने विश्वास कर लिया कि ये सही लोग व कंपनी है।इसके बाद विश्वास में पैसा ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया जाता है। पैसा तो चला गया खाते से अब न माल आया और न ही कोई जानकारी आई। मोहम्मद सईद के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। उन्होंने 17 लाख 39 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। सोनाली जायसवाल ने 1.25 लाख रुपए ट्रांसफर किए। पैसे ट्रांसफर करने के 24 घंटे बाद न तो कोई सामान आया और न ही वेबसाइट गूगल पर रही। वेबसाइट अपने आप 24 घंटे बाद गायब हो गई। ठगी का शिकार होने के बाद साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराई गई। जांच हुई तो एक से एक कड़ी जुड़ती चली गई।

**हेलो मैं एसएसपी कोलकाता बोल रहा हूं :** शातिर ठग विनय कुमार ने अपने नंबर को ट्रूकॉलर पर एसएसपी कोलकाता के नाम से सेव कर रखा था। इससे जिसको भी फोन करता वह डर जाता। इस मामले की जांच कर रहे साइबर क्राइम थाना परिक्षेत्र प्रयागराज के प्रभारी राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि एक बार नाम देखकर हम भी चौंक गए थे। जांच करने पर धीरे-धीरे कड़ियां मिलती गईं।

**5 से 10 हजार रुपए में गूगल पर कराते थे रैंक :** ये तीनों इतने शातिर थे कि पांच से 10 हजार रुपए गूगल पर वेबसाइट को नंबर1 रैंक कराने के लिए देते थे। पकड़े गए विनय कुमार ने बताया कि गूगल को पैसे पेड करने के बाद जब वेबसाइट नंबर वन पर रैंक करने लगती थी। जिस कंपनी की वेबसाइट बनाते उसमें 72 घंटे में पांच से 7 क्लाइंट तो फंस ही जाते। उनसे पांच से 8 लाख रुपए वसूलने के बाद वो वेबसाइट 72 घंटे बाद अपने आप गूगल से हट जाती। दोबारा गूगल करने पर जब नहीं मिलती तब उन्हें लगता हम तो ठग लिए गए। लेकिन तक तब देर हो चुकी होती।विनय कुमार (मुख्य संचालक) उर्फ अशोक सिंह उर्फ एसएसपी कोलकाता, ग्राम अहियावक। वेबसाइट डेवलपर करने वाला अभिषेक शर्मा कोलकाता, ग्राम रिछा पोस्ट रिछा अलोट। रत्नेश भारती मूल निवासी लाल बीघा, पोस्ट काशीचक्र, जिला नवादा बिहार।

**लॉकडाउन में शुरू की ठगी :** रत्नेश भारती ने जीआरटी भुवनेश्वर से कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया है। इसके अलावा अभिषेक शर्मा ने एमए के साथ बैचलर आफ कंप्यूटर साइंस की डिग्री ली है। विनय कुमार ने केवल बीए तक की पढ़ाई की है। तीनों नई दिल्ली की कंपनी स्टेट डेवलपर में 16 हजार रुपए पगार पर काम कर रहे थे। यहीं से अभिषेक व रत्नेश ने वेबसाइट डेवलप करने का काम सीखा। लॉकडाउन में वर्क फार्म होम होने पर घर से काम करने लगे। धीरे-धीरे ये अपनी खुद की वेबसाइट तैयार करने लगे। बस, यहीं से शुरू हुआ फजीवाड़े का सफर।

**9 राज्यों में दर्ज हैं 17 मुकदमे :** जांच में पता चला कि इन तीनों शातिरों पर देश के 9 राज्यों में साइबर ठगी के कुल 17 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें उत्तर प्रदेश, उत्तरा खंड, कर्नाटका, गुजरात, तेलंगाना, राजस्थान, दिल्ली जैसे राज्यों में कुल 17 मुकदमा है। आईजी राकेश सिंह ने बताया कि अभी तक ये ठग 25 से करोड़ की ठगी कर चुके है। प्रयागराज में ही केवल दो मामलों में करीब 18 लाख 49 हजार रुपये ठग चुके हैं।

**खातों में पड़े 10 लाख रुपए फ्रीज कराए गए :** प्रयागराज रेंज के आईजी राकेश सिंह ने बताया कि तीनों के खातों से 10 लाख रुपये फ्रीज कराए गए। मोहम्मद सईद को 8 लाख 39 हजार रुपए वापस कराए गए। आईजी का कहना है कि इस गिरोह के सरगना तक पहुंचने का प्रयास हो रहा है। गिरोह की जड़ें काफी गहरी हैं। अभी इसमें कई और सदस्य पूरे देश में फैले नेटवर्क में काम कर रहे हैं। तथा पास से बरामद दो जियो वाईफाई, दो लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन, एक पासपोर्ट, 6 चेक बुक, 4 पासबुक, 26 एटीएम कार्ड, 6 आधार कार्ड, 7 डीएल, 2 पैन कार्ड, 7 सिमकार्ड, 6 मोहर, 2 हॉटस्पॉट मॉडम बरामद हुआ है।

## न्यूज झरोखा

### करछना ब्लाक के कबरा में अमृत सरोवर का ब्लाक प्रमुख ने किया भूमि पूजन



भूमि पूजन करते प्रमुख करछना व खंड विकास अधिकारी

**करछना।** प्रयागराज विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कबरा में 27 लाख रुपए की लागत से 3 बीघा जमीन में जल संरक्षण हेतु मॉडल के रूप में अमृत सरोवर का निर्माण कार्य केलिए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी खंड विकास अधिकारी करछना राम विलास राय के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया उन्होंने बताया कि इसके बन जाने पर गांव में पानी की सुविधा पशु पक्षियों को जल संरक्षण केअलावा अन्य उपयोग के लिए लाभकारी होगा, जिसके निर्माण में सरोवर के चारों तरफ पार्क बैठने के लिए सीढ़ियां वृक्षारोपण बाउंड्री वाल आदि का निर्माण अमृत सरोवर के संरक्षण के लिए सभी आवश्यक चीजें उपलब्ध रहेगी इस अवसर पर एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा एडीओ आईएसबी रामेश्वर सिंह, एडीओ समाज कल्याण विजय शंकर यादव ,मनरेगा प्रभारी मनीषा शुक्ला, प्रधान पुरैनी सुरेश पाण्डेय,प्रधान संघ करछना अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट, संजय कुमार रोजगार सेवक, सचिव शिव ओम चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि चंद प्रकाश तिवारी ,प्रधान बाबूलाल, फूलचंद, राम सजीवन यादव ,पंकज तिवारी ,चंद्रकांत निषाद,आदि बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को लेकर हुआ ऑडिट



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरूवा ग्राम पंचायत बरी ग्राम पंचायत भवन में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की बैठक किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ अपात्र भी ले रहे हैं। ऐसे मामले लगातार उजागर होने पर साशन ने संज्ञान लेकर निर्देश दिए कि अब अधिकारी गाँव-गाँव जाकर बैठक करे। जो सम्मान निधि का लाभ ले रहे हैं।उनकी नाम की सूची बनाई जाए। ताकि पात्र और अपात्र का निर्णय हो सके। इसी क्रम में ग्रामपंचायत बरी में ग्रामपंचायत भवन में ग्रामप्रधान श्रीमती प्रेमा देवी एवं कृष्ण प्रसाद शुक्ला प्राविधिक सहायक मेजारोड उरूवा किसान सम्मान निधि की सोशल ऑडिट की बैठक हुई। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे अपात्रो के नाम काटे गए व नए पात्र किसानों को बताया गया कि जो अपात्र सम्मान निधि का लाभ ले रहे हैं। वह सम्मान निधि की राशि तत्काल सरकारी खाते में जमा कर दे। अन्यथा उनके नाम वसूली की नोटिस दिया जाएगा। बैठक में मौजूद किसानों को सम्मान निधि पाने वाले किसानों की लिस्ट पढ़कर सुनाई गई।

# डीएम ने किया जसरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खंत्री ने शुक्रवार को विकास खंड जसरा सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां अस्पताल परिसर में साफ सफाई की उचित व्यवस्था न होने से उनके द्वारा नाराजगी भी जताई गई। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए आए मरीजों से भी उनके द्वारा बातचीत की गई और उनका कुशल क्षेम जानते हुए अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी उनसे जानकारी ली गई। वही ओपीडी रजिस्टर का भी उनके द्वारा अवलोकन करते हुए ओपीडी रजिस्टर पर दर्ज मरीजों की संख्या को देखते हुए उनके द्वारा इस पर संतुष्टि जाहिर की गई। जबकि अस्पताल में साफ सफाई की अनियमित्ताओं पर विशेष ध्यान देते हुए उनके द्वारा अस्पताल में साफ-सफाई के दिशा निर्देश दिए गए। वहीं इसी क्रम में जिलाधिकारी प्रयागराज के द्वारा जसरा विकास खंड के अंतर्गत संचालित हो रही अस्थाई कान्हा गौशाला कांटी में पहुंचकर जहां गौशाला का भी निरीक्षण किया गया। वहीं गौशाला में निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा खंड विकास अधिकारी जसरा को दिशा निर्देश देते हुए कहा गया कि गौशाला में बारह महीने का पूरा भूसा स्टॉक होना चाहिए और गौशाला में रह रहे छोटे गोवंशो के लिए अलग सेट की व्यवस्था की जाए। वहीं गौशाला में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की भी बात उनके द्वारा कही गई। जबकि वहां पर मौजूद राजकीय पशु चिकित्सालय जसरा के चिकित्सक को भी उन्होंने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि बीमार पशुओं का समुचित इलाज किया जाए जिससे वह जल्द से जल्द स्वस्थ हो सके। वहीं जिलाधिकारी के आकस्मिक निरीक्षण पर जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा व ब्लॉक मुख्यालय में हड़कंप सा मच रहा और जब तक जिला अधिकारी निरीक्षण में लगे रहे तब तक अधिकारियों के होश उड़े रहे कि कहीं वह किसी कार्यवाही के शिकार न हो जाएं। लेकिन अपने निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी प्रयागराज संजय खत्री के द्वारा जहां खंड विकास अधिकारी जसरा व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा के अधीक्षक को कई दिशा निर्देश देते हुए उन पर अमल करने की बात कही गई।





शुक्रवार को जिलाधिकारी प्रयागराज ने विकास खण्ड जसरा सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण करते

### दबंगो ने घर में घूस कर महिलाओं को जमपीटा, एफआईआर दर्ज

**करछना।** थाना क्षेत्र के चंदौली गांव में दर्जन भर दबंगों ने घर में घुसकर महिला के साथ की मारपीट मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है गांव निवासी गुलाब कली ने करछना थाने में गांव के रहने वाले राममनोहर , मानिकचंद्र , मानसिंह , भोलानाथ , राजु पटेल , छोटू पटेल के साथ कुछ अन्य लोग रात लगभग दस बजे के आसपास एक साथ घर पर चढ़कर लाठी डंडा लोहे की राड व अन्य हथियार के साथ पहुंचकर मारपीट करते हुए गम्भीर रूप से घायल कर दिया की पुलिस से शिकायत की, किसी तरह से महिलाएं अपनी जान बचा कर पुलिस को सूचना दी थोड़ी देर बाद पुलिस पहुंची तो पुलिस को देखते ही वहा से दबंग लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए जिसके बाद पुलिस घायल को थाने ले आए और इलाज के लिए करछना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया जहां जिला अस्पताल के लिए भेज दिया दोनों महिलाओं को गंभीर चोट आई है उसने पांच नामजद एवं पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है आगे की कार्रवाई पुलिस कर रही है।

# मेजारोड बस स्टैंड पर महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय न होने से परेशानी

अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र एक तरफ सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए नित नई योजनाएं बना रही है वहीं दूसरी ओर यमुनापार के मेजारोड मुख्य बाजार में उनके लिए एक शौचालय तक नहीं है। मेजारोड बस स्टैंड पर महिलाओं के लिये सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आस पास मे भी 500 मीटर के दायरे में कोई सार्वजनिक शौचालय नहीं है। जिसके चलते हर यात्री को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित जिम्मेदारों के चलते मुख्य बाजार व मुख्य बस स्टैंड होने के बावजूद भी बस स्टैंड पर शौचालय की कोई वयवस्था नहीं हैं। मगर बार बार मांग करने के बाद भी यहां महिलाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं की गई। बस स्टैंड पर महिलाओं के लिए शौचालय नहीं होने से उनको परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा। लेकिन इस समस्या का आज तक समाधान नहीं हो पाया है। बता दें कि बसों मे यात्रा करने वाली व बाजार में आई हुई महिलाओं को काफी फजीहतें झेलनी पड़ रही है मांडा, मेजारोड बस स्टैंड पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण नही कराया गया है। इसकी वजह से बस से यात्रा करने बाजार आने वाली महिलाओं को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय नहीं होने पर महिलाएं अक्सर सुनसान जगह ढूंढती हैं। वहां उनके लिए अराजकतत्वों का खतरा बना रहता है। शौचालय के अभाव में महिलाओं को परेशानी होती है। मजबूरन उन्हें खुले मे जाना पड़ता है। मेजारोड बाजार में प्रतिदिन हजारों महिलाओं का आना जाना लगा रहता है। आज तक जितने जनप्रतिनिधि हुए किसी का भी इस दिशा में जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई कदम नहीं उठाए गए।

### पुरे लुटई प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक चौथी बार हुआ सस्पेंड

**प्रयागराज।** धनुपुर ब्लाक के पुरे लुटई प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधाना अध्यापक लापरवाही और अनियमितता की शिकायत मे चौथी बार कर दिए गए हैं यह कार्रवाई बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने शुक्रवार को प्रधानाध्यापक रंगबहादुर के ऊपर किया है बताते चलें कि यह कार्रवाई पठन-पाठन में लापरवाही और कामकाज में भारी अनियमितता के कारण निलंबित किया गया है। बीएसए ने बताया शिक्षिका पर मेहरबान थे प्रधानाध्यापक। निलंबित प्रधानाध्यापक जंगबहादुर स्कूल में शिक्षिका वर्षा श्रीवास्तव पर मेहरबान थे। वह उपस्थिति पंजिका में सात से 10 तारीख तक का कालम खाली रखा गया था ताकि शिक्षिका बाद में आकर शिक्षिका अपना हस्ताक्षर बना सकें। इसके अलावा शिक्षकों के बीच विवाद करना, ग्रामीणों के साथ गाली गलौच करना, अध्यापकों के देर में आने के बाद भी हस्ताक्षर कराना जैसे अन्य 15 मामलों में लापरवाही मिली है। बीएसए ने बताया कि मामले की जांच के लिए चाका विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है।

# पारिवारिक कलह से रेलवे के कांट्रैक्टर ने खुद को गोली मारकर दी जान

अखंड भारत संदेश

**नैनी प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र मे पारिवारिक कलह से परेशान रेलवे के ठेकेदार ने खुद को गोली मारकर जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार चंदौली के हिंदवारी अली नगर निवासी विभूति नारायण सिंह 50 पुत्र हंस नारायण सिंह रेलवे में ठेकेदारी करते थे। वह नैनी में औद्योगिक थाना क्षेत्र के एक अपार्टमेंट में रहते थे। उनका परिवार चंदौली में ही रहता है। बताते हैं कि गुरुवार की रात काफी देर तक वह शराब पीते रहे। उनके साथ उनका सुपरवाइजर जितेंद्र मिश्रा और इंद्रजीत यादव भी थे। रात करीब 12 बजे सुपरवाइजर जितेंद्र मिश्रा ओर इंद्रजीत यादव सोने चले गए। इसके बाद विभूति नारायण सिंह ने कमरा अंदर से बंद कर लिया। फिर अपनी लाइसेंसी पिस्टल से स्वयं को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर दोनों सुपरवाइजर जब कमरे के पास गए तो दरवाजा बंद था। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो



वह दम तोड़ चुके थे। पुलिस ने कमरे की जांच पड़ताल के बाद विभूति नारायण के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर पुलिस से हादसे की जानकारी मिलने पर विभूति नारायण मिश्र के परिवार के लोग चंदौली से यहां पहुंच गए। औद्योगिक थाने की पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान परिजनों ने बताया कि विभूति पिछले कई दिनों से पारिवारिक कलह से काफी परेशान थे। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# गरीबों को नहीं मिल पा रहा प्रधानमंत्री आवास जैसी योजना का लाभ

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सरकार के द्वारा गरीबों को जहां पक्के छत मुहैया कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास जैसी योजना का संचालन जरूर किया गया है। पर ग्राम प्रधानों की अदूरदर्शिता व गवई राजनीति के कारण आज भी ऐसे गरीब हैं जो टूटी फूटी झोपड़ी में तो रह रहे हैं फिर भी उन्हें प्रधानमंत्री आवास जैसी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, और वह आज भी प्रधानमंत्री आवास जैसी योजना का लाभ पाने की आस लगाए हुए हैं। कुछ इसी प्रकार से शंकरगढ़ विकास खंड के अंतर्गत आने वाली कई ग्राम सभाओं में रहने वाले उन गरीबों का है जो आज भी पन्नी का टेंट बनाकर किसी तरह से रह रहे हैं।विकास खंड के अंतर्गत ही आने वाली ग्राम सभा मवैया पहलवान की रहने वाली कलावती, राधेश्याम, केवला प्रसाद, बुद्धिमान व बद्री प्रसाद आदिवासी के द्वारा बताया गया कि वह किसी तरह से टूटी फूटी झोपड़ी में रह करके जीवन यापन कर रहे हैं। लेकिन आज तक उन्हें प्रधानमंत्री आवास जैसी योजना का लाभ नहीं मिल पाया, जबकि उनके द्वारा ग्राम प्रधान से कई बार इसके लिए कहा भी गया लेकिन उसके बावजूद भी इन गरीबों को प्रधानमंत्री आवास जैसी योजना का लाभ नहीं मिल पाया। वहीं दूसरी तरफ सोनबरसा गांव के रहने वाले लालजी आदिवासी, कन्हैया लाल, राम सिया वर फूल कुमार के द्वारा बताया गया कि पूर्व ग्राम प्रधान के द्वारा जहां उनके नाम आवास की सूची में डाले गए थे। लेकिन वर्तमान ग्राम प्रधान के कार्यकाल में उनके नाम सूची में दिखाई ही नहीं पड़ रहे हैं, जिसके लिए उनके द्वारा कई बार तहसील दिवस में भी शिकायत की गई, लेकिन उसके बावजूद भी आज तक उन्हें प्रधानमंत्री आवास जैसी योजना का लाभ नहीं मिल पाया। वहीं उनके द्वारा यह भी बताया गया कि गांव के ही कुछ ऐसे लोग हैं जिनके पास ट्रैक्टर, पक्के मकान, कई बीघे खेत होने के बावजूद भी उन्हें प्रधानमंत्री आवास जैसी योजना का लाभ दिया गया। जिसकी शिकायत भी ग्रामीणों द्वारा एसडीएम बारा से भी की गई।

# बिना डिग्री के हॉस्पिटल चला रहे डाक्टर पर नहीं हो रही कार्रवाई, जिम्मेदार मौन

अखंड भारत संदेश

**क्षेत्रीय मरीजों का गलत उपचार जान लेने पर उतारू**

**उर्मिला हॉस्पिटल रत्योरा का मामला, पिछले दिनों एक 22 वर्षीय युवक की हुई थी मौत**

**रत्योंरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के रत्योरा बाजार में बिना डिग्री का डॉक्टर हॉस्पिटल चला रहा है। इतना ही नहीं हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन किसी और के नाम से बताया जा रहा है, किंतु उसे चलाता कोई और है। मौजूदा समय में आशीष यादव नामक व्यक्ति उर्मिला हॉस्पिटल का संचालन कर रहा है। चचाओं पर गौर करें तो उसके पास कोई डिग्री नहीं है डी फार्मा कोर्स किया हुआ है। मेडिकल स्टोर के लिए ऑथराइज है। लेकिन वह अस्पताल चलाकर क्षेत्रीय मरीजों का गलत उपचार कर जान लेने पर उतारू है। बीते 10 मई को कदौली लेडियरी गांव के 22 वर्षीय युवक मानेंद्र मिश्र की अस्पताल परिसर में मौत होने के बाद परिजनों ने हंगामा भी काटा था, किंतु बिना डिग्री का डॉक्टर आशीष यादव अपने साथियों के साथ परिजनों को गुमराह कर शहर ले जाने की बात कह कर अस्पताल से भगा दिया था। जबकि स्थानीय लोगों की मानें तो युवक की मौत उसके अस्पताल में ही हो गई थी। बाजार व अस्पताल के आसपास के लोगों ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व गजरिया गांव की रहने वाली एक 6 वर्षीय बालिका की भी गलत उपचार के कारण उर्मिला हॉस्पिटल में मौत हुई थी। उस समय भी शिकायत के बाद भी विभागीय अफसरों के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। जिससे बिना डिग्री के अस्पताल संचालक के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने बताया कि उर्मिला हास्पिटल का रजिस्ट्रेशन किसी और के नाम से है। जिसे आशीष यादव नामक व्यक्ति चलाता है। जिसके नाम से रजिस्ट्रेशन है वह अस्पताल में कभी नहीं आता है न तो कभी दिखाई देता है। आशीष यादव ही अस्पताल का सर्वे सर्वा है इसी के ऊपर उपचार आदि की जिम्मेदारियां हैं। रत्योरा बाजार का उर्मिला हॉस्पिटल तो महज बानगी है। कोरांव तहसील क्षेत्र एवं विकास क्षेत्र में दर्जनों ऐसे हॉस्पिटल संचालित हो रहे हैं जिनका न तो पंजीयन और रजिस्ट्रेशन है और न ही कोई चिकित्सक बैठते हैं। झोलाछाप डॉक्टर अस्पताल व क्लीनिक चला रहे हैं, किंतु विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। वही गलत उपचार कर मरीजों की जान लेने का भी काम कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे क्लीनिको, अस्पतालों एवं बिना डिग्री के डॉक्टर बने झोलाछापो पर कार्रवाई करने की मांग की है। क्षेत्र के लेडियारी बाजार, खीरी बाजार, बड़ोखर, देवघाट, खजुरी, महुली, हाटा, रामपुर आदि बाजारों में बिना रजिस्ट्रेशन के मेडिकल स्टोर अस्पताल क्लीनिक चल रहे हैं, किंतु जिम्मेदार उदासीन बने हुए हैं।

### घर से बाजार सामान लेने निकला किशोर लापता

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नैका महीना गांव का एक किशोर पिछले 24 घंटे से लापता है परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए मामले की शिकायत पुलिस से की। नैका महीन गंगादीप कालोनी निवासी कमलेश यादव का 16 वर्षीय बेटा देवांश कक्षा 10 का छात्र है। गुरुवार की शाम वह कुछ सामान लेने बाजार गया था। कुछ देर बाद जब नही लौटा तो परिजनों को चिंता हुई वह उसे खोजने निकले देवांश का जब कही पता नही चला तो परिजन थाने पहुचे जहा मौजूद एसपी गंगापार अभिषेक अग्रवाल को घटना की जनकारी दी अभिषेक अग्रवाल ने वारलेश पर मैसेज पास कराया पर देवांश को गायब हुए 24 घंटे से अधिक समय बीत गया पर अभी कुछ पता नही चला। परिजन अनहोनी की आशंका से काफी भयभीत है।

# गंगा टोंस नदियों के बाढ़ से कटान रोकने के लिए पक्के घाट जरूरी : डॉ. पाण्डेय

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज बारिश के दिनों में गंगा में आई बाढ़ से लवायन,डीहा घाटों के समीप कई गांव पानी से प्रभावित होते हैं और इसी तरह टोंस की बाढ़ से कटका और मेड़रा समेत कई गांवों में बाढ़ का पानी घुस जाता है। बाढ़ के पानी से कटाव को रोकने के लिए यहां पक्के घाट बनवाया जाना जरूरी है। यह बातें प्रयागराज की सांसद डॉ.रीता बहुगुणा जोशी,विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद और विधायक बारा वाचस्पति के साथ सर्किट हाउस में सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक के दौरान जागृति मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांण्डेय ने कही। उन्होंने कहा कि यह प्रतिवर्ष की जटिल समस्या है जहां करछना तरहार क्षेत्र के कई गांव थोड़ी सी बाढ़ में ही प्रभावित होते हैं और कटान बढ़ती जा रही है ऐसी स्थिति में घाटों पर पक्के बैंड बनाकर पानी को रोका जा सकता है



और बाढ़ से कई गांव को बचाया जा सकता है।इस दौरान सांसद ने जमुनापार में 11 डाक बंगलों की स्थिति पर चर्चा करते हुए कोहडार.और शाहपुर में बंद पड़े डाक बंगलों के पुनरुद्धार पर जोर दिया।साथ ही ऐसे सरकारी बंगलों के आसपास किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे से मुक्त कराने और सभी डाक बंगलों को साफ सुथरा कर अलंकरण करने पर भी जोर दिया। बाणसागर परियोजना का जायजा लेते हुए लिफ्टों की स्थिति और गर्मी के दिनों में नहरों में पानी देने को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। सांसद ने कहा इसके लिए अधिकारी बजट बनाएं जहां कोई दिक्कत आ रही है मुझे अवगत कराएं और इस बात को आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक में कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर कई विभाग के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मकान की छावनी कर रहे वेल्डर की करेंट लगने से मौत, परिवार मे पसरा मातम

**लेडियारी।** कोरांव तहसील अन्तर्गत खीरी थाना पौंसला निवासी संतोष कुमार उर्फ. अतुल विश्वकर्मा पुत्र सोहन लाल विश्वकर्मा वेल्डिंग का काम करते थे। आज सुबह 10:30 बजे के आसपास टौं न्गा पेट्रोल पंप के सामने रतन मिश्रा का नये बन रहे मकान मे टीन छावनी का काम कर रहे थे अचानक वेल्डिंग मशीन को संचालित कर रहे बिजली के तार लोहे के एंगल मे छू गया जिससे उनको करेंट मजबूती से पकड़ लिया। मौके पर लोगों ने करेंट को काटकर संतोष को छुड़ाया गया। टोंगा प्रधान प्रतिनिधि भीम कुमार घटना स्थल पर पहुँचकर संतोष को जिला अस्पताल लेकर भागे। अस्पताल पहुँचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत बताया। प्रधान प्रतिनिधि एवं परिवार जनों ने शव को लेकर वापस आये। भीम कुमार ने खीरी थाना को सूचना दिया। खीरी थाना स्टाफ से उप निरीक्षक चंद्रशेखर यादव , कांस्टेबल प्रदीप यादव आदि मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर कांस्टेबल प्रदीप यादव के साथ पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया।

# राज्यमंत्री, जल शक्ति विभाग ने विभागीय अधिकारियों के साथ कि समीक्षा बैठक ,दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

## रोस्टर के अनुसार नहरों में टेल तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित किए जाये, खराब नलकूपों को एक सप्ताह के अंदर ठीक कराते हुए क्रियाशील किए जाने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** राज्यमंत्री, जल शक्ति विभाग, उत्तर प्रदेश रामकेश निषाद शुक्रवार को सर्किट हाउस के सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने नहरों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि रोस्टर के अनुसार सभी नहरों में टेल तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। मंत्री जी ने यह भी निर्देशित किया कि तालाबों को पानी से भरने की कार्यवाही पूर्ण रूप से सुनिश्चित करा ली जाये। उन्होंने कहा कि जो भी तालाब अभी तक पानी से नहीं भरें गये है, उनकों 04 दिन के अंदर अनिवार्य रूप से भर दिए जाये। नलकूपों की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने खराब नलकूपों को एक सप्ताह के अंदर ठीक कराते हुए क्रियाशील किए जाने का निर्देश दिया है।



सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक करते हैं राज्य मंत्री

बाढ़ कार्य से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने बाढ़ समितियो को बनाने एवं बाढ़ से बचाव हेतु सभी आवश्यक तैयारियां 15 जून तक सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। लघु सिंचाई की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने किसानों को दिए जाने वाले नलकूपों के सम्बंध में त्वरित कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा करते हुए योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य अभियंता बाणसागर बी0के0 राम, अधीक्षण अभियंता सिंचाई कार्य मंडल प्रयागराज श्री एस0 के0 सिंह, अधीक्षण अभियंता नलकूप आ0के0 शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा भाव की जरूरतः केपी श्रीवास्तव

**शंकरगढ़।** चिकित्सा के क्षेत्र में सेवाभावना की जरूरत है। विशेष रूप से नर्सिंग से जुड़े प्रोफेशनल का मृदुभाषी, परिश्रमी और काम के प्रति ईमानदार होना नितांत आवश्यक है। यह बातें एमएलसी केपी श्रीवास्तव ने कही। इंटरनेशनल नर्सिंग डे पर जेपी मेमोरियल नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज कोहिड़या में आयोजित कार्यक्रम में एमएलसी केपी श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप जलाया। इसके बाद इंटरनेशनल नर्सिंग डे पर आयोजित कार्यक्रम काआगाज हुआ। उन्होंने पैरामेडिकल कालेज की छात्रा को सुखद भविष्य की शुभकामना दी और इस पेशे से जुड़ी चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नर्सिंग क्षेत्रसे जुड़े सभी लोगों को धैर्य की जरूरत होती है। अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहकर पूरी तरह से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बहुत दुख की बात है कि हाल के कुछ वर्षों में ऐसा देखने में आया है कि चिकित्सा क्षेत्र में धन अर्जन के आगे सेवाभाव नहीं दिख रहा है। कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि इस संस्थान के प्रशिक्षु मानवता के प्रति अपने दायित्व निभाएंगे। इस मौके पर कवि प्रमोद बाबू झा ने स्वरचित रचना सुनाई। संस्थान की ओर से मुख्य अतिथि सहित अतिथियों का माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर डा. ओपी सिंह, डा. एस सिंह, देशराज पटेल, महेंद्र कुमार यादव जिला पंचायत सदस्य, अखिलेश श्रीवास्तव, मनोहर गुप्त, कपिल तिवारी, डा. प्रिंस सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### मदरसा हबीबिया के छात्रों की हुई दस्तारबंदी, हुए पुरस्कृत

#### अंजुमन रिफाह-उल-मुस्लिमीन के तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

#### लालगोपालगंज चेयरमैन मुख्तार अहमद ने सभी फारेगीन को दिया इनाम

**लालगोपालगंज।** कस्बा के मदरसा हबीबिया इस्लामिया में हाफिज और आलिम की शिक्षा पूर्ण करने वाले छात्र एवं छात्राओं के दस्तारबंदी की रस्म पूरी की गई। जिन्हें बधाई देने के साथ इनाम भी दिया गया।लालगोपालगंज कस्बा के मदरसा हबीबिया इस्लामिया प्रांगण में अंजुमन रिफाह उल मुस्लिमीन के तत्वावधान में दस्तारबंदी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। हाफिज अब्दुल रकीब ने तिलावते कुरआन पाक से कार्यक्रम का आगाज किया। जबकि संचालन डॉ मोइज उल्ला फारुकी ने किया। मौलाना मुजाहिद हुसैन और मौलाना मोहम्मद सलीम ने उपस्थित लोगों से खेताब किया। फारिग होने वालों में छात्र एवं छात्राएं शामिल रहीं। जिनमें हाफिज मोहम्मद पसंद, हाफिज सैयद मोहम्मद नाजिम, हाफिज मोहम्मद सरफराज, अरबिया नूर, अल बुशरा बानो, रुबीना बानो जैसे 22 छात्र एवं छात्राओं की दस्तारबंदी की गई। कार्यक्रम में शामिल नगर पंचायत चेयरमैन मुख्तार अहमद ने फारिग होने वाले सभी छात्र एवं छात्राओं को ?500 नकद समेत एक घड़ी इनाम के रूप में दिया। जबकि मदरसे को ?25000 की रकम बतौर इमदाद दिया। इस अवसर पर रिजवान उल्ला फारुकी, खतीब उल्ला फारुकी, नासिर कलीम, मोहम्मद अशरफ, खालिद महमूद, सैयद मोहम्मद अली आदि तमाम लोग शामिल रहे। मौलाना मोहम्मद शाबान ने सभी अतिथियों का शुक्रिया अदा किया।



लालगोपालगंज के मदरसा हबीबिया में फारिग होने वाले छात्र को इनाम देते चेयरमैन मुख्तार अहमद।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय रिठैया में गर्मी से बेहोश होकर गिरे बच्चे, रसोइया भी हो गई बेसुध



गर्मी बढ़ जाने से बेसुध पड़े बच्चे



खाना बना रही रसोईया भी हो गई अचेत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संगम नगरी में गर्मी का स्वरूप जानलेवा हो गया है शुक्रवार को यहां तापमान 46.6 डिग्री पर पहुंच गया। बदन झुलसाने वाली भीषण गर्मी की चपेट में आने से स्कूली बच्चों का बुरा हाल है। लू के थपेड़ों ने लोगों को परेशान किया। सड़क पर गुजरते लोगों को लपटों का अहसास हुआ। कई स्कूलों में बच्चे बेहोश होकर गिर गए। नौबत यहां तक आ गई कि उन्हें अस्पताल भेजना पड़ा। वहीं, कुछ विद्यार्थियों को शिक्षकों ने विद्यालय में प्राथमिक उपचार देकर उनके घर पहुंचाया। भयानक गर्मी से स्कूली बच्चे ज्यादा प्रभावित हैं।

**मूर्छित हुए बच्चे तो मारे गए पानी के छींटे :**

उच्च प्राथमिक विद्यालय रिठैया में कक्षा पांच के विद्यार्थी सोना, काजल, गायत्री और युवराज बैठे-बैठे बेहोश हो गए। जैसे-तैसे उनके चेहरे पर पानी के छींटे मारकर होश में लाया गया। जब स्वास्थ सामान्य हुआ तो उन्हें घर भेज दिया गया। कई अन्य बच्चों को उल्टी व दस्त होने लगी। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक विद्यालय जूड़ापुर दांदूपुर में कई बच्चे बीमार हुए। उन्हें पास के निजी अस्पताल भेजना पड़ा। उच्च प्राथमिक विद्यालय मटियारा सोरांव में बच्चों के साथ रसोइया की भी तबीयत बिगड़ गई।अधिकतर प्राथमिक विद्यालयों में पंखा का उचित नहीं है। छात्र-छात्राएं का समय पढ़ने के बजाय कापी-किताब से हवा लेने में बीत रहा है। इनका कहना है कि सुबह 7.30 बजे से 12.30 बजे तक विद्यालय में रहते हैं। वहां पंखा और लाइन न होने से परेशानी हो रही है। यही हाल शहर के कई निजी स्कूलों में भी रहा। उमस भरी गर्मी ने बच्चों को बेहाल किया। कुछ स्कूलों में टेस्ट हो रहे हैं जिसकी वजह से विद्यार्थियों को जाना विवशता है ।जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने कहा कि तापमान बढ़ने की वजह से स्कूल-कालेजों को बंद करने के मसले पर विभागीय अधिकारियों तथा स्कूल प्रबंधन से वार्ता हो रही है। जल्द ही इस पर उचित निर्णय लिया जाएगा।

### डीएम की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में जिला पर्यावरण समिति/जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगरीय क्षेत्र, प्रयागराज व जनपद के अन्य नगर निकायों में ठोस अपशिष्ट के सुरक्षित निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने वरूणा नदी व अस्सी नदी के पुनरूद्धार व कायाकल्प की तैयार की गयी कार्ययोजना के क्रियान्वयन के सम्बंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग निर्धारित लक्ष्य के अनुसार अभी से ही अपनी तैयारी पूरी कर लें। विभिन्न विभा द्वारा वृक्षारोपण कार्य हेतु चिन्हित स्थलों पर कराये जाने वाले गड्ढा की खुदायी का कार्य मई माह तक पूरा करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण के लिए चयनित स्थलों की सूचना को सम्बंधित विभागों को 15 दिन में उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने वृक्षारोपण में अधिक से अधिक फलदार वृक्ष लगाये जाने के लिए कहा है साथ ही किसानों को भी वृक्षारोपण अभियान में फलदार वृक्ष ही उपलब्ध करायें जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित मैजिक ने वृद्ध को मारी टक्कर ,घायल

**मेजा रोड।** अनियंत्रित मैजिक से साइकिल से जा रहा वृद्ध घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के मेडरा गांव निवासी रमाकांत तिवारी(65) गुरुवार को निमंत्रण में जा रहे थे। जब वह जफरा पहाड़ी के पास पहुंचे सामने से आ रही अन्य अनियंत्रित मैजिक गाड़ी की जोरदार टक्कर से घायल हो गए ।घटना गुरुवार दोपहर एक बजे की है। घायल के बेटे प्रदीप कुमार ने मांडा थाने में मैजिक गाड़ी का नंबर सहित अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक उसके पिताजी रमाकान्त तिवारी साइकिल से टीसेनतुलापुर रिस्तेदारी में जा रहे ये। जब ये जफरा (पहाड़ी) के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही मैजिक गाडी का ड्राइवर अत्यधिक तेजी और लापरवाही पूर्ण चला रहा था ।गाड़ी अनियंत्रित होने के कारण साइकिल से जा रहे मेरे पिता जी को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके कारण कुछ देर तक गाड़ी के साथ मेरे पिता जी घसीटते रहे। जिससे वे बेहोश होकर गिर पड़े और गंभीर चोटे आई है। बेहोशी हालत में उन्हें सी एच सी मेजा ले जाया गया। वहा से डाक्टरों से उन्हें स्वरूपरानी के लिए रेफर कर दिया। घायल का मोबाइल व 4 हजार रुपए भी गायब हो गया। फिलहाल डाक्टर के मुताबिक घायल के बाएं पैर में फैक्चर हो गया है और पूरे शरीर में गंभीर चोटें आई है ।घायल रमाकांत का स्वरूपरानी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# अंगवस्त्र पहनाकर अस्वस्थ कर्मचारी नेता अजय भारती को प्रदेश अध्यक्ष ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ई हरिकिशोर तिवारी अपनी पूरी टीम के साथ शुक्रवार को संगठन के जनपदीय अधिवेशन व निर्वाचन के बाद राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय भारती के स्वास्थ्य का हाल चाल लेने के लिए मम्फोर्डगंज स्थित आवास पर जाकर श्री भारती को अंग वस्त्र पहनाकर उन्हें स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। मिली जानकारी के अनुसार राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी कोर टीम के साथ कर्मचारियों के सभी जरूरी मांग जो प्रदेश सरकार ने अभी तक पूरी नही की है उसे पूरी कराने के लिए महत्वपूर्ण विन्दुओ पर मंत्रणा भी की है। शीघ्र ही कर्मचारियों के हित मे राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद बड़ा आंदोलन छेड़ सकती है। वरिष्ठ कर्मचारी नेता अजय भारती से मिलने गए ई हरिकिशोर के साथ प्रांतीय मंत्री शिव बरन यादव, ई शिव शंकर सिंह, ई बी के कुशवाहा, जिलाध्यक्ष रागविराग त्रिपाठी, मंत्री विनोद पाण्डेय, अजय राजू ने मुलाकात कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

#### कर्मचारी हित मे आंदोलन की रणनीति पर हुई मंत्रणा



कर्मचारी नेता को सममानित करते

# सराफा व्यापारी से लूट में दो बदमाश गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रतापगढ़ जनपद में करीब महीने भर पहले जेठवारा क्षेत्र में सराफा व्यवसायी को गोली मारकर जेवर भरा बैग लूटने की घटना में पुलिस ने दो और बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से तमंचा और लूटे गए जेवर को बेचने से बचे सत्रह सौ रुपये बरामद हुए हैं।

#### 16 अप्रैल को अंजाम दी थी तीन अपराधियों ने वारदात

जेठवारा क्षेत्र के अमरौना गांव निवासी अमृतलाल सोनी फेरी लगाकर जेवर खरीदता और बेचता है। वह 16 अप्रैल को दिन में फेरी लगाने निकला था। दिन में लगभग समय 10:50 बजे जेठवारा क्षेत्र के मैनाथी कुंवर डिग्री कालेज के मोड़ पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसका जेवर भरा बैग लूट लिया था। विरोध करने पर अमृतलाल के पैर में गोली मार दी थी। इस घटना का राजफाश करते हुए पुलिस ने आठ मई को सचिन यादव पुत्र प्यारेलाल यादव निवासी सराय आनादेव व सूरज यादव पुत्र देवी प्रसाद निवासी काछा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

#### चेकिंग के दौरान पुलिस की गिरफ्त में आए लुटेरे

इस बीच गुरुवार को चेकिंग के दौरान दारोगा रवींद्र यादव ने जेठवारा क्षेत्र के आश्रम पद्धति स्कूल मोड़ के पास से घटना में शामिल भानू यादव पुत्र जमुना प्रसाद यादव निवासी सराय आनादेव थाना जेठवारा को गिरफ्तार कर लिया। मौके से पुलिस ने उसके एक अन्य साथी आशीष यादव पुत्र राजेश कुमार यादव निवासी पूरनपुर खास थाना जेठवारा को गिरफ्तार कर उसके पास से तमंचा बरामद किया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए भानू यादव ने कबूल किया कि दिनांक 16 अप्रैल को उसने अपने दो साथियों सचिन यादव व सूरज यादव के साथ मिलकर फेरी लगाने वाले सर्राफ को गोली मारकर जेवर भरा बैग लूट लिया था।

# प्रयागराज की सोनम व जया का चयन उत्तर प्रदेश यूथ वॉलीबाल टीम में

## 24वीं राष्ट्रीय यूथ वॉलीबाल चैम्पियनशिप 10 से 15 मई तक महाराष्ट्र में

**अखंड भारत संदेश**

**मेजारोड़।** उत्तर प्रदेश की यूथ वॉलीबाल टीम में प्रयागराज जिले की दो बालिका खिलाड़ियों का चयन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने बताया कि 10 से 15 मई 2022 तक महाराष्ट्र राज्य के सांगली में आयोजित 24वीं यूथ नेशनल वालीबाल चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश राज्य की बालक एवं बालिकाओं की टीमें प्रतिभाग की है। जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य की बालिका वालीबाल टीम में प्रयागराज जनपद की दो बालिका खिलाड़ी सोनम शर्मा व जया गुप्ता को चयनित किया गया है और वह उत्तर प्रदेश की बालिका वॉलीबाल टीम का प्रतिनिधित्व कर रही है। विदित हो कि उत्तर प्रदेश राज्य के यूथ वालीबाल टीम का कैंप झांसी जनपद के मेजर ध्यांनचन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम में 24 अप्रैल से 8 मई 2022 तक लगाया गया था। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपद के बालक और बालिका खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। प्रशिक्षण के उपरांत 8 मई को अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय यूथ चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश की वॉलीबाल टीम से प्रतिभाग किये है। शिविर में उनके अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए प्रदेश की वॉलीबाल टीम में उनका चयन किया गया है। प्रयागराज जनपद से उपरोक्त दोनों बालिका खिलाड़ी सोनम शर्मा व जया गुप्ता को उत्तर प्रदेश की टीम में चयनित होने पर जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष प्रभात राय, पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी व चेयरमैन जार्डन.एच.नाथ, संगठन सचिव प्रमोद राय, विजया सिंह, निहारिका यादव, प्रभाकर चौबे, कोषाध्यक्ष के.बी.एल.श्रीवास्तव, सी. पी.मिश्रा, पंकज शुक्ला, फूलचंद गुप्ता, अल्ताफ अली, रामाश्रय राय, के.पी.सिंह, बैजनाथ त्रिपाठी, नीरज श्रीवास्तव, पंकज त्रिपाठी, सुरेंद्र यादव व स्टेडियम कोच आशीष यादव आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उपरोक्त चयनित दोनो खिलाड़ीयों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाइयां दी है।



सोनम



जया

# किसान ही अन्नदाता, टेल तक अवश्य पहुंचे नहर का पानीः डॉ रीता जोशी

**प्रयागराज।** नहरों में टेल तक पानी अवश्य पहुँचे क्योंकि किसान ही यूपी के अन्नदाता है, यह बातें प्रयागराज सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने सिंचाई विभाग प्रयागराज अधिकारियों के संग सर्किट हाउस में बैठक के दौरान कही। अधीक्षण अभियंता एस के सिंह ने बेलन, टोंस, बाघला,सिरसी बांध और लघु डाल नहर प्रखंड में हुए विगत वर्षों में किये गए 332 नहरों की सिल्ट सफाई एवं सड़कों के गड्ढा मुक्ति/नवीनीकरण कार्य की प्रगति तथा यमुनापार क्षेत्र में पुल–पुलियों के जीर्णोद्धार/पुनःनिर्माण से अवगत कराया ।साथ ही टोंस, बाघला, बेलन एवं लघुडाल नहर प्रखंड के अंतर्गत लगभग 262 तालाबों को पानी से भरने की जानकारी दिया। इसके अलावा बेलन नहर प्रखंड के अंतर्गत 11 परियोजनाओं की जानकारी दिया कि शासन ने सिंचाई चालू /नई परियोजनाओं को पुर्नस्थापना की अनुमति प्रदान कर दी जिसमें प्रमुख रूप से गुलरिया बांध एवं नहर प्रणाली,इटवा राजबहा एवं जनला राजबहा में लाइनिंग, मांडा राजबहा में पक्के कार्य तथा चाडी में एंटीरोजन योजनांतर्गत कटान रोकने,उमापुर/अछोला में कटान रोकने आदि है। अधिशाषी अभियंता टोंस एवं बाघला प्रवीण झाँसीया ने बताया कि बारा एवं करछना क्षेत्र में टेल तक पानी पहुँचाने को प्राथमिकता से रखकर कार्य करते निगरानी की जा रही है। यह भी बताया कि नहरों की सफाई अक्टूबर/नवंबर तथा मई/जून में ही कराया जाता है जब किसानों को पानी की आवश्यकता नहीं होती है। बेलन नहर प्रखंड से अधिशाषी अभियंता ने बताया कि बेलन नहर में आ रही दिक्कतों को समाधान किया जा रहा है जहाँ भी नहर टूट रही है वहाँ पक्का कराया जा रहा जिससे किसानों के खेत तक आसानी पानी समय पर मिल सके ।मेजा में भी सभी प्रमुख नहरों व माइनरों में पानी पहुँचाया गया है जहाँ किसानों की मांग होती है वहाँ प्राथमिकता से समाधान का प्रयास किया गया है। विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद ने कई नहरों में बड़े बड़े गढ्डों की वजह से किसानों को खेत तक पहुँचने में हो रही दिक्कतों से रूबरू कराया ।विधायक बारा डॉ वाचस्पति ने प्रमुख नहरों के पटरियों में हो रहे कटान,डौला न होने सहित जारी डाक बगला की स्थिति दयनीय आदि पर मुद्दा उठाया और शंकरगढ़ क्षेत्र में बाघला प्रखंड नहर से 60 प्रतिशत सिंचाई होने के बाद भी 40 प्रतिशत के लगभग 3000 हेक्टेयर जमीन पर सिंचाई की व्यवस्था न होने जैसे झझरा चौबे, रानीगंज, जोरवट, कपारी, अमिलिहाई, बेनीपुर, शिवराजपुर, गढवा,अभयपुर, गाढ़ा कटरा,छिपिया, बिहरिया, आमगोदर और टकटई गांव में पानी के हाहाकार मचा रहता है ।इन क्षेत्रों में सिंचाई के प्रबंध हो जिससे किसानों के खेतों में पानी पहुँचने के साथ आसानी से पेयजल भी मिल सके। सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा रखे मुद्दों पर कहा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहाँ सिंचाई के प्रबंध न हो वहाँ का प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करें मैं विधायकों के संग मुख्यमंत्री योगी से मिलकर 40 साल की समस्या को समाधान कराऊँगी। केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों के जीवन को उठाने के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए कायाकल्प के लिए कृत संकल्पित है ।जहाँ भी सिंचाई विभाग की जमीनों एवं डाक बगलों में कब्जा हो गए है उसे मुक्त कराने की कार्यवाही करें ।प्रदेश की योजनाएं जो स्वीकृति मिली है उन प्रस्तावों पर जनप्रतिनिधियों को अवश्य आमंत्रित करें जिससे जनता के बीच योगी सरकार के बेहतरीन कार्यो का जनजागरण हो सकें ।साथ ही पीडब्लूडी और सिंचाई विभाग आपस में समन्वयक बनाकर नहरों को पक्की सड़क बनाएं मगर गुणवत्ता और क्वालिटी से समझौता नहीं होना चाहिए ।नहरों में टेल तक पानी अवश्य पहुँचे किसान खुशहाल होंगे तो किसान ही यूपी के अन्नदाता है ।उनकी आय बढ़ने पर किसान की प्रगति होने से प्रदेश प्रगति करेगा। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता ए के सिंह,अधिशाषी अभियंता बाढ़ नियंत्रण बृजेश कुमार, अधिशाषी अभियंता बाघला एवं टोंस प्रवीण झाँसी,अधिशाषी अभियंता बेलन संजीव कुमार, अधिशाषी अभियंता लिफ्ट दिलीप सोनकर, अधिशाषी अभियंता लघु कुलदीप तिवारी,जिला मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी, सभी विभाग के सहायक अभियंता एवं जूनियर इंजीनियर आदि उपस्थित रहे।

### किसानों के लिए इफको उत्पाद की नैनो तरल खाद लाभकारी : सोनल शुक्ला

**करछना।** इफको द्वारा तैयार की गई नैनो तरल खाद के छिड़काव से जहां एक ओर मिट्टी की कम हो रही उर्वरक क्षमता को बचाया जा सकता वही इसके छिड़काव करने से फसलों की उत्पादन क्षमता अधिक होगी, किसान गोष्ठी में सहकारिता विभाग की सहायक विकास अधिकारी करछना श्रीमती सोनल शुक्ला ने गोष्ठी में नैनो तरल आधारित यूरिया पर किसानों को दी जानकारी करछना विकास खंड के सभागार में आयोजित किसान गोष्ठी में कौंधियारा चाका, एवं करछना ब्लॉक के किसानों ने गोष्ठी में भाग लिया इफको द्वारा तैयार की गई नैनो तरल यूरिया के इस्तेमाल के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई तथा किसानों को इसके उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा बताया कि जितने लागत से एक बोरी उर्वरक खाद खेतों में किसान फसलों के लिए इस्तेमाल करते हैं उससे कम लागत में नैनो सरल उत्पाद खाद से फसलों में छिड़काव करने से ज्यादा फायदा होगा उसे जमीन की नष्ट हो रही उर्वरक क्षमता भी बराबर रहेगी तथा किसान ज्यादा से ज्यादा इफको द्वारा तैयार की गई नैनोतरल खाद का छिड़काव कर अधिक से अधिक फसलों में उत्पादन पैदा कर सकते हैं, गोष्ठी में एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा, एडीओ आईएसबी रामेश्वर सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, प्रधान पुरैनी सुरेश पांडे ने किसानों से नैनो तरल खाद के बारे में जानकारी देकर किसानों को लाभकारी बताया इस अवसर पर करछना शाखा के प्रबंधक संजय जैसवार, नैनी शाखा प्रबंधक श्रीमती रंजीता मौर्य,कर्मा शाखा प्रबंधक शिव राम प्रसाद के अलावा सहायक विकास अधिकारी सोनल शुक्ला करछना एवं कौंधियारा ब्लॉक से अशोक कुमार मुख्यालय से महेंद्र कुमार सीओ ,पुन्नालाल प्रदीप यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र से आए हुए किसान गोष्ठी में शामिल रहे।





## आवश्यकता है -

## प्रतिभा उच्च शिक्षा संस्थान

653 फिरोजपुर उर्फ शेखपुर, फूलपुर टाउन, प्रयागराज। पिन नंबर-212402

**स्नातक विज्ञान संकाय प्रवक्ता विषय हेतु-**

**विषय-** भौतिक विज्ञान - 01 पद, रसायन विज्ञान - 01पद, वनस्पति विज्ञान - 01पद, जंतु विज्ञान - 01पद, गणित - 01 पद

**योग्यता-** सम्बंधित विषय में एम0एस0सी0, नेट, पीएचडी, यूजीसी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित अर्हता के अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आवेदन पत्र प्रेषित करें।

**स्नातक कला संकाय प्रवक्ता विषय हेतु-**

**विषय-** राजनीति विज्ञान - 01 पद

**योग्यता-** नेट, पीएचडी, यूजीसी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित अर्हता के अभ्यर्थी उक्त पद हेतु आवेदन प्रेषित करें।

**वेतनमान-** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश के क्रम वेतन देय होगा। इच्छुक अभ्यर्थी 1 सप्ताह के अंदर महाविद्यालय के उक्त पते पर आवेदन प्रेषित करें ।

Email id - arvindtripathi271@gmail.com

**सिद्धार्थ त्रिपाठी**
**प्रबंधक**
**मो0- 8707046593, 9452145821**

# करोड़ों खर्च के बाद भी दर्जनों गांव के लोग है प्यासे

## एक दशक पहले बरीबोझ, कैथौला में बनी पानी की टंकी से एक बार भी नही हुई जलापूर्ति

### ग्रामीण परेशान हैण्डपंप भी दे रहा है दगा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़ लालगंज।** सरकार भले ही करोड़ो रुपए खर्च करके ग्रामीणों को शुद्ध जल मुहैया कराने के लिए गाँव-गाँव पानी की टंकी का निमार्ण कराया है।लेकिन विभागीय भ्रष्टाचार के चलते आज तक जलापूर्ति नही हो सकी है।

स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के बरीबोझ, कैथौला व अगई में लगभग एक दशक पहले जल समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए जल निगम विभाग ने करोड़ो रुपए की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया। उपरोक्त तीनों टंकी से सरैया,कोला का वन,पूरे खरगू, दीना का पुरवा, इटहा, बछवल, बरीबोझ, राजा का पुरवा,बन पुकरा, बोधी का पुरवा ,सभा का पुरवा,वैशन का पुरवा,दोलकहन का पुरवा समेत लगभग पाँच दर्जन पुरवों को जलापूर्ति होनी थी।लेकिन कैथौला व बरीबोझ में बनी पानी की टंकी से ग्रामीणों को एक दिन भी पानी नहीं नसीब हो सका।उक्त टंकी में की गई अनियमिता की शिकायत ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से की।विभाग ने टंकी की हकीकत खंगाली तो अनियमिता सामने आई। अधिकारियों ने पुनः बजट पास करके इसे ठीक कराया। लेकिन पैसे खर्च होते रहे भिर भी ग्रामीणों को जल मुहैया नही हो सका।वही अगई स्थित पानी की टंकी भी दो वर्षों से बंद पड़ी हुई है।वही नदी के किनारे बसे गांवो में जल स्तर भी काफी नीचे है।यहां स्थित हैण्डपंप भी रूक-रूक कर पानी देते है।ऐसे हालात में दर्जनों ग्रामीगों को इस गर्मी में पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



शोपीस बनकर खड़ा पानी की टंकी

### कनेक्शन तो हो गया लेकिन पीने को नही मिला पानी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** सैकड़ों ग्रामीणों का जल निगम ने कनेक्शन तो कर दिया।लेकिन आज तक ग्रामीणों को पानी पीने के लिए नही मिला। इस संबंध में अधिशासी अभियंता से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन मोबाइल स्विचऑफ बताने के कारण बात नही हो सकी।

### अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी भूले ग्रामीणो की समस्या

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** अब अनियमिता की शिकार हुई पानी की टंकी की ओर न तो कोई अधिकारी सुध ले रहा है और ना ही कोई जनप्रतिनिधि।विकास के तमाम दावे करने वाले नेताओं ने भी लोगों की शिकायत के बावजूद मामले को नजर अंदाज करने लगे है।

### इग्नू के कार्यप्रणाली की दी गई जानकारी

**प्रतापगढ़।** एम॰ डी॰ पी॰ जी॰ कालेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र - 2737 में इग्नू के विभिन्न प्रोग्राम के छात्रों के लिए एक ऑनलाइन इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए इग्नू प्रतापगढ़ समन्वयक डा अभिषेक सिंह ने बताया कि मीटिंग में छात्रों को इग्नू की कार्य प्रणाली एवं अध्ययन के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया गया। मीटिंग के मुख्य अतिथि इग्नू क्षेत्रिय केंद्र वाराणसी के निर्देशक डा यू॰ एन॰ त्रिपाठी रहे जिन्होंने इग्नू के रोजगार परक कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। सहायक क्षेत्रिय निर्देशक डा संजय कुमार एवं सहायक क्षेत्रिय निर्देशक डा एस॰ के॰ पांडेय भी मीटिंग में उपस्थित रहे और छात्रों को दूरस्थ शिक्षा की उपयोगिता के बारे में बताया। एम॰डी॰पी॰जी॰ कालेज के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने इग्नू प्रतापगढ़ में अध्ययन करने वाले सभी छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने व सफलता प्राप्त करने के उपायों से अवगत कराया। इग्नू प्रतापगढ़ में परस्नातक, स्नातक, पी॰जी॰ डिप्लोमा, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट के कुल 35 कोर्स संचालित किए जाते हैं।



उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के बच्चे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में संख्या 250 के पार लेकिन शिक्षक तीन

## उत्कृष्ट शैक्षिक गतिविधियों से निरंतर बढ़ रही छात्र संख्या

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़ कटरा गुलाब सिंह।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह में वर्तमान सत्र में कुल 288 बच्चे नामांकित हैं जिसमे 92 बच्चे नव प्रवेशी हैं। भीषण गर्मी के बावजूद यहां प्रतिदिन उपस्थिति भी दो सौ से अधिक ही रहती है, लेकिन सभी कक्षाओं को संचालित करने के लिए विद्यालय में अनुदेशक को लेकर सिर्फ तीन शिक्षक ही कार्यरत हैं। ऐसी स्थिति में शिक्षण कार्य का प्रभावित होना स्वाभाविक है।विभागीय उच्च

अधिकारी परिषदीय स्कूलों में अभियान चलाकर छात्र संख्या बढ़ाने की बात तो करते हैं किंतु संख्या के अनुसार अपेक्षित शिक्षक की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं करते हैं।विभागीय आकड़े बताते हैं कि ब्लॉक के कई स्कूलों में मानक से अधिक शिक्षक तैनात हैं जो सिर्फ उपस्थिति दर्ज कर वेतन ले रहे हैं। अपने रसूख के चलते कई शिक्षकों का शिक्षण कार्य से कोई सरोकार भी नहीं रहता है। ऐसे निष्क्रिय और उदासीन शिक्षकों पर विभाग के अधिकारी भी मेहरबान रहते हैं।परिणामतः विभाग के कर्मठ व निष्ठावान शिक्षकों को उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है।

कटरा गुलाब सिंह के इस विद्यालय की शिक्षण व शिक्षणेत्तर गतिविधियां हमेशा सराहनीय रही हैं जिसके कारण यहां छात्र संख्या निरन्तर बढ़ती जा रही है लेकिन शिक्षकों की कमी के कारण स्कूल को अब अव्यवस्था का शिकार होना पड़ रहा है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मुहम्मद फरहीम ने समस्या के शीघ्र निस्तारण हेतु उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया है।

### तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं सुरक्षित की जाएंगी- अरुण

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ माध्यमिक संवर्ग के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष शिक्षक नेता अरुण कुमार शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के जो भी एडहॉक शिक्षक हैं उनकी सेवाओं को सुरक्षित करने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ माध्यमिक संवर्ग संघर्ष कर रहा है इस संदर्भ में सरकार से बातचीत चल रही है और निश्चित ही उनकी सेवाएं सुरक्षित की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष अरुण शुक्ला ने कहा कि स्थाई कर्मचारियों की तरह माध्यमिक शिक्षकों को भी 10लाख रुपए तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा मुहैया शैक्षिक महासंघ के अथक प्रयास से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली तक राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ संघर्ष करता रहेगा मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश की योगी सरकार निश्चित ही पुरानी पेंशन को बहाल करेगी वित्तविहीन शिक्षकों को मानदेय उपलब्ध कराने के लिए भी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्रयासरत है और वित्तविहीन शिक्षकों को मानदेय उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव मनाने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा जल्द ही कार्यक्रम आहूत किया जाएगा।

# छात्र-छात्राओ ने निकाली लोक अदालत जागरूकता रैली

### श्री चिन्तामणि स्मारक विधि महाविद्यालय के छात्र छात्राओ में दिखा जोश




गोड़े व मकूनपुर बाजार में निकलती जागरूकता रैली।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री चिन्तामणि स्मारक विधि महाविद्यालय के विधि विद्यार्थियो, लॉ क्लब के सदस्यो, प्राचार्य एवं सहायक आचार्यो के द्वारा 14 मई को आयोजित होने वाली लोक अदालत के सम्बन्ध में शुक्रवार को ग्राम गोड़े एवं मकूनपुर बाजार में विधिक जागरूकता रैली निकालकर लोक अदालत के सम्बन्ध में महाविद्यालय के विद्यार्थियो एवं समस्त कर्मचारियो द्वारा बाजार में उपस्थित आम जनमानस, ग्रामीणो को लोक अदालत के सम्बन्ध में आपसी सुलह समझौते के द्वारा अदालती माध्यम से मुकदमो का निस्तारण आदि के बारे में विधिवत रैली निकालकर जागरूक किया गया। इसमे बड़ी संख्या में छात्र छात्राओ ने हिस्सा लिया। छात्र छात्राओ ने उत्साह दिखाते हुए इस रैली में भाग लिया। यह जानकारी महाविद्यालय के लीगल ऐड सेन्टर के संयोजक डा. हरिशंकर सिंह ने दी।

### किशोरी के अपहरण का केस

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने शौच को निकली किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। कोतवाली के तुलापुर निवासी अरविंद सिंह की पत्नी पूनम सिंह ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बारह मई को रात दो बजे उसकी सोलह वषीर्या पुत्री अंशिका घर से शौच के लिए निकली। रास्ते मे बगल के गांव बहोदीपुर का अजय पुत्र भोलानाथ उसे अपहत कर ले गया।

# अनियंत्रित ट्रक ने दो बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक की दर्दनाक मौत, एक गंभीर रूप से घायल, चार जख्मी

### 12 वर्षीय नौशाद मासूम की हुई मौत, जौनपुर का रहने वाला है मृतक

तेज अनियंत्रित ट्रक की ट्रैक्टर से एक आतिशबाज के साथ 12 वर्षीय नौशाद की दर्दनाक मौत हो गई । ट्रक का पहिया उसके शरीर से होकर गुजरा तो उसके शरीर के मांस और लोथड़े निकल कर सड़क पर फैल गए। वही उसके साथ बाइक चला रहा दानिश गंभीर रूप से घायल है। उसकी भी स्थित नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग निकला।

### अपने देवर के साथ सिसौरा गांव से लौट रही थी खुशबू

गंभीर रूप से जख्मी खुशबू पत्नी संदीप अपने देवर उमेश तथा उसके परिवार के शिवम के साथ एक बाइक पर बैठकर अपने ननिहाल सिसौरा गांव से पट्टी की तरफ आ रहे थे । तभी अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया। गनीमत यह रहा कि तीनों सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरे उमेश के पैर में गंभीर चोट आई तो वही शिवम की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़ पट्टी।** अनियंत्रित तेज रफ्तार की ट्रक ने दो बाइक पर सवार पांच लोगों को टक्कर मार दिया , जिससे एक 12 वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई , जबकि एक बुरी तरह जख्मी हो गया वहीं चार लोग घायल हो गए । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पट्टी तहसील क्षेत्र पट्टी रानीगंज मार्ग पर शुक्रवार की दोपहर 3 बजे एक अनियंत्रित तेज रफ्तार की ट्रक रानीगंज की तरफ जा रही थी । जैसे ही ट्रक पूरेबोधराम मैनहा गांव के पास पहुंची सामने से आ रहे दो बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों बाइक सवार सड़क के किनारे जा गिरे जिससे एक बाइक सवार के पीछे बैठे हुए मासूम के शरीर पर ट्रक के पहिए चढ़ गये जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई । थोड़ी देर में वहां राहगीर और ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पट्टी कोतवाली पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कालाकांकर ब्लाक में अभी तक अप्रैल माह का फ्री राशन का वितरण नही हुआ

अखंड भारत संदेश

**परियावां प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के ग्राम पंचायतों में अप्रैल माह का कार्डधारकों को फ्री में मिलने वाला गेंहू चावल नमक चना व रिफाइन्ड का वितरण अभी तक शुरू नही हो सका जिसके चलते कार्डधारक कोटेदारों की दुकान से राशन लेने के लिए रोज चक्कर लगा रहे है जब कि डीएसओ रीना कुमारी ने अप्रैल माह का राशन 12 मई तक वितरण करने का आदेश जारी किया था लेकिन राशन वितरण नही हो सका जब कि अन्य ब्लाकों में अप्रैल माह का राशन वितरण हो चुका है लेकिन कालाकांकर ब्लाक में वितरण शुरू नही हो सका जब कि कोटेदारों के यहाँ गेंहू चावल का स्टॉक रखा हुआ है रिफाइन्ड, चना व नमक के न मिलने से राशन का वितरण बिना डीएसओ के आदेश पर नही हो पा रहा है।जब इस बाबत जानकारी करने पर डीएसओ रीना कुमारी ने बताया अप्रैल माह का फ्री मिलने वाला राशन की डेट 20 मई तक कर दी गयी है एफसीआई गोदाम आलापुर में रिफाइन्ड व चना का स्टॉक रखा हुआ है नमक का स्टॉक न आने से राशन का वितरण नही हो पा रहा है क्योंकि मशीन में पांच राशन गेंहू चावल चना नमक तेल फिक्स है।

# आरपीएफ एसआई ने जान जोखिम मे डालकर महिलाओं की बचाई जिंदगी, क्षेत्र का नाम हुआ रोशन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के चाहिन निवासी आरपीएफ मे तैनात एसआई के शौर्य के चलते टेज्न पर सवार हो रही दो महिलाओं की जिंदगी सुरक्षित होने पर क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए अधिवक्ता पुत्र की उपलब्धि पर इलाके मे खुशी का माहौल है। डयूटी पर तैनात आरपीएफ एसआई आशीष सिंह के द्वारा प्लेटफार्म पर महिलाओं को बचाने के लिए अदम्य साहस का परिचय दिया गया। तहसील के अधिवक्ता पुत्र आरपीएफ के एसआई की बहादुरी को लेकर आरपीएफ के महानिदेशक ने आशीष को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भी रामपुर खास के जाबांज द्वारा अदम्य साहस के प्रदर्शन की सराहना की गयी है। इधर यह जानकारी मिलने पर यहां साथी वकीलों के साथ साथ लोगों मे जवान की बहादुरी की चर्चा छायी हुई देखी जा रही है। कोलकाता के बण्डेल स्टेशन पर दस मई को शाम सवा पांच बजे हावड़ा जाने वाली लोकल टेज्न पर दो महिलाएं बैठने के लिए प्लेटफार्म पर मौजूद थी। टेज्न आते ही दोनों महिलाएं उसमें बैठने के लिए अचानक संतुलन खोकर टेज्न व प्लेटफार्म के बीच गिर गयी।

तभी वहां तैनात आरपीएफ एसआई आशीष सिंह ने बहादुरी का परिचय देते हुए आननफानन मे जान जोखिम मे डालते हुए महिलाओं को सुरक्षित बचा लिया। जाबांज आरपीएफ एसआई की बहादुरी पर आरपीएफ के महानिदेशक आशीष को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह जानकारी आशीष के गांव सांगीपुर के चाहिन पहुंची तो ग्रामीणों मे भी गांव का नाम रोशन करने के लिए आशीष की सराहना हो रही है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश व महामंत्री शेषनाथ तिवारी ने कहा है कि अधिवक्ता पुत्र को संघ के होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

## एक घण्टे लेट बटा सीबीएसई का इण्टर अंग्रेजी का पर्चा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित आज इण्टर 2022 की अंग्रेजी का प्रश्न पत्र था । संगम इण्टरनेशनल स्कूल में संस्कार और न्यू एंजिल्स के छात्र छात्राओं का परीक्षा केन्द्र था । लगभग 130 छात्र एवं छात्राओं को अंग्रेजी प्रश्न पत्र 10.15 के स्थान पर 11.15 बजे दिया गया जिससे बच्चों के मानसिक संतुलन पर बहुत असर पड़ा यद्यपि केन्द्र व्यवस्थापक की ओर से छात्र छात्राओं को प्रश्नपत्र हल करने के लिये एक घंटा अधिक समय दिया गया फिर भी इस प्रकार की अनियमितताओं से छात्र छात्राएं एवं अभिभावक को परेशानी का सामना करना पड़ता है । परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न पत्र भी बच्चों से वापस ले लिया गया ।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिशन मारपीट की घटना को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ मारपीट तथा गालीगलौज व जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के पूरे वैश निवासी रामसिंह के पुत्र दीपक सिंह ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बारह मई को गांव के राकेश केसरवानी व सुरेश केसरवानी पुत्रगण श्यामलाल तथा सुरेश का साला व एक अज्ञात आरोपी ने रंजिशन उसके दरवाजे पर चढ़कर मारपीट की। आरोपियो ने गाली देते हुए पीड़ित को शिकायत करने पर जानलेवा धमकी भी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरूवार की रात आरोपी सुरेश समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## बाइक टकराने से बच गयी लूट की घटना...

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** हड़बडाहट मे बदमाशों की बाइक के पीड़ित की बाइक से अचानक भिड़ जाने से लूट की वारदात असफल हो गयी। कोतवाली के सगरा सुंदरपुर बाजार मे लल्लू खॉन ने साइकिल स्टोर की दुकान खोल रखी है। गुरूवार की रात दस बजे वह दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहा था कि हंडौर गांव के समीप बाइक सवार दो बदमाशों ने व्यापारी पर तमंचा सटाकर उसे रूकने का इशारा किया। पीडित व्यवसाई अभी कुछ समझ पाता कि बदमाशों की बाइक उसकी बाइक से अचानक भिड़ गयी। इसके चलते बदमाश गिर गये। तब तक पीड़ित व्यवसाई ने शोर मचाना शुरू किया तो आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों को जुटता देख बदमाश अपनी बाइक छोडकर मौके से भाग निकला। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी आननफानन मे मौके पर पहुंची और बदमाशों की बाइक कब्जे मे लेकर कोतवाली ले आयी। पुलिस घटना की जांच मे जुटी बतायी जाती है।

### बदमाश ले उड़े बाइक

**लालगंज प्रतापगढ़।** तहसील परिसर के पीछे की कालोनी से बदमाश बाइक लेकर फुर्र हो गये। नाक के नीचे हुई बाइक चोरी की घटना भनक न लग सकी। कोतवाली के शीतलमऊ निवासी रामसेवक के पुत्र रामधन चैरसिया ने दी गई तहरीर मे कहा है कि गुरूवार को उसके बेटे रमेश कुमार ने तहसील के पीछे एक व्यवसाई के घर के सामने अपनी बाइक खड़ी की थी। देर रात करीब ग्यारह से बारह बजे के बीच अज्ञात बदमाश उसकी बाइक चोरी कर ले गये। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# गांधी विचारधारा के पोषक रहे सूर्य बली पांडे: विधायक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सर्वोदय सद्भावना संस्थान द्वारा विगत वर्षों की भांति गांधीवादी विचारक विनोबा भावे के शिष्य जनपद प्रतापगढ़ में भूदान आंदोलन के प्रणेता सूर्यवली पांडे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी की 18वीं पुण्यतिथि पंडित कृपा शंकर ओझा एडवोकेट लोकतंत्र रक्षक सेनानी की अध्यक्षता में सर्वोदय सद्भावना संस्थान के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास द्वारा सद्भावना दिवस के रूप में रामानुज आश्रम में मनाई गई।उक्त अवसर पर पंडित जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करने के पश्चात मुख्य अतिथि राजेंद्र कुमार मौर्य सदर विधायक ने कहा कि आप प्रतापगढ़ के गांधी विचारधार के पोषक रहे है। विनोबा जी एवं गांधी जी के विचारों को आपने आत्मसात कर लिया था। दयालुता करूणा ईमानदारी की आप प्रतिमूर्ति थे।



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सूर्यबली को श्रद्धांजलि अर्पित करते विधायक व अन्य।

विनोबा भावे जी के प्रतापगढ़ आगमन पर अपने साथी राम लखन पाठक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और रामकिंकर सरोज के साथ गौरा से लेकर शाहगंज तक पदयात्रा किया बाद में अनेकों गरीबों एवं पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय की विद्यालयों को भूमि दान किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य द्वारा कृपा शंकर ओझा एडवोकेट लोकतंत्र रक्षक सेनानी , मणिलाल भाई , रामसेवक त्रिपाठी एडवोकेट लोकतंत्र रक्षक सेनानी , गणेश नारायण मिश्र एडवोकेट को अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण करके रामानुज पंचांगम प्रदान कर सम्मानित किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले लोगों में मुख्य रूप से रामसेवक त्रिपाठी एडवोकेट लोकतंत्र रक्षक सेनानी गणेश नारायण मिश्र एडवोकेट संतोष दुबे पूर्व सभासद गिरजेश तिवारी पत्रकार डॉ सी एन पांडे श्यामसुंदर टाउ पूर्व सभासद संगम लाल त्रिपाठी भंवर हरिहर प्रसाद ओझा डॉ सी एन पांडे रामचंद्र मिश्रा पूर्व प्राचार्य संतोष त्रिपाठी एडवोकेट निशुल्क रमाशंकर सिंह देश सेवक बद्री प्रसाद मिश्रा गिरीश मिश्रा अभिषेक कुमार उमर वैश्य रामकृष्ण टाऊ नारायणी रामानुज दासी इं अनामिका पांडे डॉ अवंतिका पांडे डॉ अंकिता पांडे विश्वम प्रकाश पांडे इं पूजा पांडे सहित अनेकों लोगों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए आपको एक महामानव एवं त्याग तपस्या की प्रतिमूर्ति बताया। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष भाजपा ने किया।

### विद्यालय मे चोरी, दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के बेलहा स्थित प्राथमिक विद्यालय में गुरूवार की रात अज्ञात बदमाशों ने गेट का ताला तोडकर चोरी की वारदात अंजाम दी गयी। शुक्रवार की सुबह प्रधानाचार्य व शिक्षक जब विद्यालय पहुंचे तो गेट का ताला टूटा देख आवाक रह गये। प्रधानाध्यापक रामप्रकाश ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि चोरों ने कमरे का ताला भी तोडकर अभिलेख व कीमती सामान उठा ले गये। प्रधानाध्यापक के मुताबिक पिछले वर्ष भी सात जुलाई को विद्यालय में चोरी की घटना घटित हुई थी। घटना का खुलासा न होने पर बदमाशों का मनोबल बढ़ा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त आशीष कुशवाहा पुत्र स्व० शिव कुमार कुशवाहा निवासी बड़ी गौहानी थाना चरवा को बेरुआ चौराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा वारटी अभियुक्त जीतलाल पटेल पुत्र अयोध्या पटेल निवासी तरना थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 105 वाहनों का ई चालान किया गया तथा 01 वाहन का चालान कर 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# राज्य सूचना आयुक्त ने जनपद के जन सूचना अधिकारियों के साथ की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

## 30 दिन के अन्दर आवेदक को सूचना उपलब्ध करा दिया जाय





बैठक करते डीएम कौशांबी तथा उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

**कौशाम्बी।** राज्य सूचना आयुक्त नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा आज उदयन सभागार में जनपद के सभी जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक में राज्य सूचना आयुक्त द्वारा आयोग से अर्थदण्ड आधिरोपित मामलों में अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में अर्थदण्ड अधिरोपित के कुल तीन मामले हैं, जिसमें एक मामला हाईकोर्ट, इलाहाबाद द्वारा स्टे है व दूसरा मामला प्राचार्य डायट एवं तीसरा मामला तहसीलदार सिराथू से सम्बन्धित हैं, इन मामलों में शीघ्र ही अर्थदण्ड जमा कराने की कार्यवाही सुनिश्चित कराया जायेंगा राज्य सूचना आयुक्त ने 01 अप्रैल 2019 से सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अब तक प्राप्त आवेदनों की संख्या एवं निस्तारण की स्थिति की विभागवार विस्तृत समीक्षा के दौरान सभी जनसूचना अधिकारियों अधिकारियों से कहा कि आवेदक को 30 दिन के अन्दर सूचना उपलब्ध करा दिया जाय, अगर अतिरिक्त शुल्क लिया जाना है तो 30 दिन के अन्दर इसकी भी सूचना आवेदक को उपलब्ध करा दिया जाय उन्होंने कहा कि उनके द्वारा सभी जनसूचना अधिकारियों को पूरा सहयोग किया जायेंगा, अगर किसी जनसूचना अधिकारी को आवेदन के निस्तारण में समस्या आ रही है तो वे उनसे मिलकर समस्या का समाधान करा सकतें हैं। उन्होंने कहा कि आवेदक द्वारा मॉगी गई सूचना जो आपके रिकार्ड में उपलब्ध है, उसे ही दिया जाना है, सूचना को जेनरेट न किया जाय। इसके साथ ही उन्होने कहा कि अगर कोई आवेदन अन्तरण किया जाना है तो उसे 05 दिन के अन्दर सम्बन्धित विभाग को अन्तरित कर दिया जाय राज्य सूचना आयुक्त ने सभी जनसूचना अधिकारियों से कहा कि थर्ड पार्टी की सूचना अगर जनहित से सम्बन्धित नहीं है तो सूचना नहीं दी जा सकतीं। उन्होंने सभी जनसूचना अधिकारियों की समस्याओं जिज्ञासाओं को सुना एवं समाधान करते हुए कहा कि प्रारूप 03 पर सूचना का अधिकार अधिनियम का रजिस्टर बना लें, इससे आवेदन के निस्तारण में सुगमता हो सकेंगी इसके साथ ही उन्होंने सभी जनसूचना अधिकारियों से आयोग के सम्बन्ध में सुझाव भी प्राप्त कियें बैठक में जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एंव अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंहत जनपद के सभी जन सूचनाधिकारीगण अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## न्यूज झरोखा

### जनपद के सभी विकास खंडों पर आज होगा ब्लॉक दिवस का आयोजन

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार जनपद के सभी विकास खण्डों में दिनाँक 14 मई 2022 ल को ब्लॉक दिवस का आयोजन ब्लॉक कार्यालय पर किया जाएगा। जिलाधिकारी सुजीत कुमार के निदेर्शानुसार मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक माह अपने – अपने विकासखंड में दूसरे व चौथे शनिवार को ब्लॉक दिवस का आयोजन कराना सुनिश्चित करें तथा ब्लॉक दिवस में समस्त संबंधित अधिकारियों यथा – खंड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी आदि की उपस्थिति कराकर जनता की शिकायतों का निस्तारण किया जाय। ज्ञातव्य है कि शासन द्वारा प्रदेश के सभी विकास खंडों में प्रत्येक माह के द्वितीय तथा चौथे शनिवार को ब्लॉक दिवस का आयोजन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### झंडापुर में धूमधाम से मनाया गया उर्स मांगी अमन चैन की दुआ

**कौशाम्बी।** सिराथू क्षेत्र के झंडापुर गाँव की दरगाह हजरत सैय्यद बाबा का उर्स हर साल 11और 12 मई को धूमधाम से मनाया जाता है इस वर्ष भी प्रत्येक वर्ष की भांति बड़े हर्षोल्लास के साथ उर्स मनाया गया है और सरकार की गाइडलाइन का पालन किया गया। इसके चलते देर शाम से शुरू हुआ जियारत का सिलसिला भोर तक चला। पूरे दरगाह शरीफ को लाईट लगा कर रोशन किया गया हजरत सैय्यद बाबा की खिदमत में अकीदतमंदों ने फूल की डालियां पेश कीं। चादर चढ़ाने का सिलसिला भी भोर तक जारी रहा। जिसमें जलसा और महफिल ए कव्वाली कार्यक्रम भी भोर तक चला वही उसके बाद कुल वॉ लंगर का कार्यक्रम किया गया । पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इस वर्ष भी सैकड़ों जायरीन हर वर्ष की तरह अपनी मुराद और मन्नत मांगने के लिए लोग दूर –दूर से आये जो भी अपनी मुरादे अकीदत से मांगते है वह खाली नहीं जाता है।.

### बच्ची के साथ मुह में पेपर डाल कर जबरन रेप

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के गौहानी गांव में डेयरी से दूध लेने एक बच्ची प्रतिदिन गांव की डेयरी में जाती थी 12 मई की रात 8 बजे बच्ची डेयरी दूध लेने गयी थी जहां डेयरी संचालक आशीष कुमार ने बच्ची को अकेला देख कर उसे दबोच लिया और लड़की के मुह में पेपर डाल कर जबरन रेप कर दिया आरोपी के चंगुल से छूटकर बच्ची घर पहुंच गयी और मामले की जानकारी परिजनों को दी परिजनों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दिया है पुलिस ने आरोपी डेयरी संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### दुष्कर्म के अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना सैनी पर पंजीकृत पॉक्सो एक्ट के मुकदमे का अभियुक्त सुरेन्द्र कुमार सरोज पुत्र राम सुमेर निवासी अजीजपुर थाना कड़ाधाम को न्यायालय एडीजे–9 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आजीवन कारावास तथा एक लाख रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया

### हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पर पंजीकृत मुकदमा के अभियुक्त रामदास पाल पुत्र सुखलाल पाल निवासी कोटिया थाना सराय अकिल को न्यायालय एडीजे एफटीसी द्वितिय द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आजीवन कारावास तथा 50 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 09 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना सराय अकिल से 02 थाना कड़ाधाम से 03 थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 04 कुल 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

# प्लाट खरीदने से पहले कालोनी का एप्रूब्ड ले-आउट प्लान अवश्य देख लें : डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**बिना भवन मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध रूप से निर्मित भवनों में विद्युत एवं पेयजल का कनेक्शन नहीं दिया जायेगा**

जिलाधिकारी नियन्त्रक प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र मंझनपुर-भरवारी सुजीत कुमार ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि शासन की अधिसूचना द्वारा जनपद में मंझनपुर-भरवारी विनियमित क्षेत्र घोषित किया गया है, जिसमें नगर पालिका परिषद भरवारी एवं मंझनपुर सहित विनियमित क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले 46 ग्राम (तहसील मंझनपुर-मौजा मंझनपुर, खोरा, भेलखा, गौसपुर टिकरी, ओसा, कोड़र, पाता, गौरा, बंधवा रजबर, फरीदपुर, बबुरा, समदा व रामपुर बसोहरा, कुल 13 गांव) तथा (तहसील सिराथू-मौजा असकरनपुर, कोरों, भड़ेसर, बिछौरा, बड़नपुर कादीपुर, बिसारा, चक कयामतपुर, रामपुर सुहेला, रामपुर सुहेला उर्फ अल्लीपुर, रसूलपुर गिरछा, सिंधिया आमद करारी, चमन्धा, चक चमरूपुर व कोखराज उपरहार, कुल 14 गांव) एवं (तहसील चायल-मौजा ईनामपुर, मकदूमपुरकाजी, साखा बरीपुर, शाहपुर कौड़ा, मारूफपुर, मलिकपुर महेवा, सिरोही उपरहार, रसूलपुर काजी, सैता, कशिया, पल्हाना उपरहार, सकाढ़ा उपरहार, धन्नी, आदमपुर, रोही, फरीदपुर टप्पा, चक सईगंज, मोहम्मदपुर असवां व परसरा कुल 19 गांव) आते हैं यहाँ पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये बड़े पैमाने पर व्यावसायिक एवं आवासीय भवनों का अवैध निर्माण किया जा रहा है। इसमें भू-माफियाओं द्वारा अनुचित धनार्जन के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर काश्तकारों की भूमि को कृषि दर से खरीद कर अवैध कालोनियॉ विकसित की जा रही हैं, जिनमें मानक के अनुरूप जनसुविधाओं यथा-पेयजल, पार्किंग, विद्युत, जल निकासी, आवागमन व सीवरलाइन आदि की समुचित व्यवस्था का सर्वथा अभाव होता है, जिससे भविष्य में महानगर योजना तैयार करने में गम्भीर समस्या उत्पन्न होगी उन्होने जनसामान्य से अपेक्षा की है कि आवासीय व्यावसायिक प्लाट खरीदने से पहले कालोनी का एप्रूब्ड ले-आउट प्लान अवश्य देख लिया जाय जिलाधिकारी ने सूचित किया है कि विनियमित क्षेत्र के अन्तर्गत बिना भवन मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध रूप से निर्मित भवनों में विद्युत एवं पेयजल का कनेक्शन नहीं दिया जायेगा तथा ऐसे अवैध भवनों का नगर पालिका परिषद में पंजीकरण भी नहीं होगा। साथ ही ऐसे अवैध निर्मित निमार्णाधीन भवनों को चिन्हांकित कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी।

### नगरपालिका के चर्चित लिपिक के कारनामे निराले

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के एक चर्चित लिपिक के कारनामे भी निराले हैं विभाग से बर्खास्त किए जाने के बाद अदालत को गुमराह कर वह दो दशक से नौकरी कर वेतन ले रहा है एक मामले में चर्चित लिपिक के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट अदालत ने जारी किया है लेकिन पुलिस उसे नहीं खोज पाई 2 दिन पहले तक वह कार्यालय में मौजूद रह कर बराबर ड्यूटी देता रहा और वारंट लेकर पुलिस उसे खोजती रही जब उसे अदालत से वारंट की जानकारी मिली तो चर्चित लिपिक मंझनपुर से शुक्रवार को गायब हो गया पुलिस उसे खोजती रह गयी सूत्रों की माने तो करोड़ों रुपए के घोटाले में शामिल चर्चित लिपिक इन दिनों शहर के आलीशान होटल में अपने कुछ बेहद खास मित्रों के साथ मौज मस्ती कर रहा है कुछ फोटो वीडियो भी उसकी वायरल हो रही है चर्चित लिपिक के ऊपर विभागीय अधिकारियों से सांठगांठ कर लगातार सरकारी धन में हेराफेरी करने का आरोप लगता रहा है अब देखना यह है कि चर्चित लिपिक को पुलिस खोज कर गिरफ्तार कर अदालत में पेश करती है या फिर चर्चित लिपिक पुलिस को चकमा देकर अदालत से वारंट रिकॉल कराने में कामयाब हो जाता है।

# ट्रैक्टर ने रौंदा बच्ची की मौत

**अखंड भारत संदेश**



रोते बिलखते परिजन

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सकाढा गांव में ट्रैक्टर को बैक करते समय एक बच्ची ट्रैक्टर के पहिया की चपेट में आ गई है जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई है मौके पर पहुंचे परिजन रो रो कर बुरा हाल है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के सकाढा गांव में राकेश कुमार की एक लड़की शुक्रवार को घर के बाहर खेल रही थी इसी बीच एक ट्रैक्टर चालक अपने टैक्टर को पीछे कर रहा था ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से बच्ची ट्रैक्टर के पहिए के नीचे दब गयी जिससे मौके पर बच्ची की मौत हो गई है।

# विधवा महिला पर ईट पत्थर फेंककर दबंगो ने किया हमला

**अखंड भारत संदेश**

**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के गुवारा गांव में विधवा महिला संगीता देवी पत्नी स्वर्गीय कमलेश केसरवानी के घर मे घुस कर 13 मई की सुबह गाली गलौज करते हुए दबंगों ने मारपीट की है दबंगों ने उसके घर और शरीर पर जमकर ईट पत्थर बरसाए हैं मामले की सूचना करारी पुलिस को दी गई है खबर लिखे जाने तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक 13 मई की सुबह लगभग 08 बजे विधवा महिला संगीता स्नान करने के बाद घर पर लौटी और अपने घर के बाहर कपड़े को धूप में डालकर सुखाने जा रही थी इसी बीच गांव के रहने वाले नायाब और बन्धबा गांव के रहने वाले उसके जीजा महिला के घर पर घुस आये घर के भीतर दोनों को घुसते देखकर महिला घर का दरवाजा बंद करने लगी जिस पर महिला को घर के भीतर से खींचकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए उपरोक्त दोनों लोगों ने डंडा से महिला को पीटना शुरू कर दिया है दबंग महिला के ऊपर ईट पत्थर फेक कर मार करने लगे आरोप है कि मारपीट के दौरान महिला के कपड़े फाड़ दिए चीख-पुकार सुनकर आसपास के तमाम लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गए हैं भीड़ बढ़ती देख ललकारते हुए दोनो हमलावर मौके से चले गए हैं इस हमले में महिला को चोटें आई हैं मामले की तहरीर करारी पुलिस को दी गई है।

# मंझनपुर कोतवाल ने पुलिस फोर्स के साथ कस्बे में किया पैदल गश्त

**अखंड भारत संदेश**



पुलिस कर्मियों के साथ पैदल गस्त करते कोतवाल

**कौशांबी।** पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह कोतवाली की पुलिस फोर्स के साथ प्रति दिन कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न मोहल्ले और गांव क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा का एहसास करा रहे हैं शाम होते ही मंझनपुर कोतवाली पुलिस पैदल गस्त पर निकल जाती है और कई किलोमीटर तक पैदल गस्त कर मंझनपुर पुलिस लोगों को सुरक्षा का एहसास कराती है मंझनपुर कोतवाल का कहना है कि पुलिस उनके हर सुख दुख में साथ खड़ी है प्रतिदिन की तरह गुरुवार को मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने मंझनपुर कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में पैदल भ्रमण किया इस दौरान उन्होंने यातायात के नियमों का पालन करने का लोगों को निर्देश दिया उन्होंने कहा कि वाहनों को सड़क पर खड़ा करने से यातायात बाधित होता है जिससे वाहन चालक अपने वाहनों को सड़क पर ना खड़ा करें वाहनों को सड़क के किनारे ही खड़ा किया जाए इस दौरान उन्होंने कस्बे के मंझनपुर चौराहा होते हुए विभिन्न सड़कों गलियों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया बुधवार को भी मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने मंझनपुर चौराहे से होते हुए सिराथू रोड सहित विभिन्न मोहल्लों में पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त किया था और वाहन चालकों को नियमों का पालन करने का निर्देश दिया।

# विवेचना में 5 वर्ष बाद भी रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**विवेचक से लेकर डीजीपी तक ठग के कारनामों की शिकायत होने के बाद नहीं हो सकी गिरफ्तारी**

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली में ठगी के दर्ज मुकदमे में आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी का साहस पुलिस महकमा नहीं कर रहा है आरोपी इलाके का कद्दावर नेता है आम जनता को झांसा देकर लगातार लूटने वाला यह व्यक्ति पुलिस महकमे का सम्मानित व्यक्ति बताया जाता है थाने से लेकर क्षेत्राधिकारी कार्यालय तक उसकी गहरी पैठ है सैकड़ों शिकायतों के बाद एक मामले में ठग के खिलाफ सैनी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 379 वर्ष 2017 में दर्ज कर लिया लेकिन नया थाना कड़ा धाम बन जाने के बाद विवेचना कड़ा धाम थाने को स्थानांतरित कर दी गई कड़ा धाम थाना पुलिस ठग के चरणो में नतमस्तक दिखाई पड़ रही हैं मोटी रकम लेकर 5 वर्षों से आरोपी को बार बार बचाया जा रहा है तमाम साक्ष्य को नजरअंदाज कर विवेचक द्वारा अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है पीड़ित व्यक्तियों ने पुलिस अधीक्षक को कई दर्जन प्रार्थना पत्र दिया है लेकिन उसके बाद भी विवेचक का ठग से प्रेम खत्म नहीं हो सका है 5 वर्ष बीत जाने के बाद विवेचना के मामले में रत्ती भर पुलिस आगे नहीं बढ़ सकी है 5 वर्ष से इस मामले को जांच के नाम पर लम्बित किया जा रहा है जिससे नामजद आरोपी को लाभ मिल रहा है और मुकदमा वादी अधिकारियों की चौखट पर न्याय के लिए बार-बार दौड़ रहा है जिससे जिले में चौपट कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# बैंक में बढ़ रहे डिफाल्टर की संख्या दोषी कौन!

## दलालों के चंगुल में फंसे कमीशन खोर शाखा प्रबंधक बैंक को डुबोने में लगे

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** पंजाब नेशनल बैंक से किसान और उद्यमियों को बांटे गए ऋण की अदायगी समय से नहीं हो पा रही है जिससे बैंक में डिफाल्टर कर्जदार की सूची बढ़ती जा रही है बैंक सूत्रों की माने तो मंझनपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में 5 करोड़ की रकम डिफाल्टर खाते में चली गई है रकम जमा ना होने से बैंक के सामने भी समस्या है डिफाल्टर ग्राहकों से बैंक वसूली का पूरा प्रयास कर रहा है इतना ही नहीं पिता के कर्ज लेने पर उनके जीवित रहते हुए उसके पुत्र के साथ भी वसूली करता अभद्रता कर रुपया जमा कराने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन उसके बाद भी बैंक के डिफाल्टर की संख्या कम होती नहीं दिख रही है आखिर बैंक से ऋण देते समय शाखा प्रबंधकों ने क्या जांच की थी जिससे बांटे गए बड़ी संख्या मैं ऋण लेने वाले लोग डिफाल्टर हो गए हैं क्या कर्ज लेने के बाद समय से रकम ना जमा कर पाने वाले बैंक के कर्ज दाता ही इस मामले में पूरी तरह से दोषी है या फिर दलालों के माध्यम से कमीशन लेकर गलत लोगों को ऋण बांटने वाले बैंक के शाखा प्रबंधक भी दोषी हैं बैंक में डिफाल्टर की बढ़ती सूची के मामले में अधिकारियों ने यदि सूक्ष्म जांच कराई तो पूर्व बैंक प्रबंधकों की कारस्तानी उजागर होगी और बैंक डिफाल्टर ग्राहकों की संख्या में कमी आएगी दलालों के माध्यम से ऋण बांटने की प्रथा चलाने वाले शाखा प्रबंधकों के कारनामों को अधिकारियों ने गंभीरता से लेकर जांच कराई तो कमीशन खोरी में बांटे गए ऋण में डिफाल्टर होने के मामले ज्यादा प्रकाश में आएंगे लेकिन क्या कमीशन खोर बैंक प्रबंधकों के कारनामे आला अधिकारी उजागर कर उन्हें दंडित कर पाएंगे यह बड़ा सवाल है।

# रेलवे आरक्षण काउंटर देर से खुलने का लाभ उठाते हैं दलाल

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के तहसील परिसर में रेलवे विभाग द्वारा रेलवे आरक्षण काउंटर खोला गया है लेकिन मौके पर तैनात कर्मी की लापरवाही के चलते रेलवे में सक्रिय दलाल इसका लाभ उठाते हैं रेलवे काउंटर से लोगों को रेलवे आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिससे रेलवे में आरक्षण कराने वाले तमाम लोगों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है और मजबूर होकर वह जगह जगह पर सक्रिय रेलवे दलाल के पास आरक्षण कराने को पहुंचते हैं जहां दलाल उनसे रेलवे टिकट की कीमत के अलावा 200 रुपए 300 रुपए 500 रुपए तक की अतिरिक्त कीमत वसूल करते हैं बताया जाता है कि तत्काल आरक्षण के समय रेलवे आरक्षण केंद्र से कर्मचारी गायब रहते हैं हकीकत जानने के लिए जब बुधवार को तहसील स्थित रेलवे आरक्षण केंद्र पहुंचा गया तो देखा गया कि वहां पर 10:15 बजे तक काउंटर पर कर्मचारी मौजूद नहीं था रेलवे काउंटर की लापरवाही के चलते सीधा लाभ रेलवे आरक्षण में लगे दलाल उठा रहे हैं और वह रेलवे यात्रियों को लूट रहे हैं लेकिन रेलवे के बड़े अधिकारी इस गोरखधंधे से अंजान बने हैं रेलवे टिकट बेचने के नाम पर कालाबाजारी करने वाले दलालों को चिन्हित कर इन पर कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है और रेलवे आरक्षण केंद्र को सक्रियता के साथ संचालित किए जाने की जरूरत है तभी रेलवे और यात्रियों दोनों को लाभ और सहूलियत मिल सकेगी।

# 13 वर्ष पहले मरे व्यक्ति के नाम चल रहा अवैध तरीके से विद्युत कनेक्शन

**अखंड भारत संदेश**

**अधिशासी अभियंता का कहना है कि शिकायत नहीं तो कैसे कटे विद्युत कनेक्शन**

**कौशांबी।** भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे विद्युत अधिकारियों ने योगी सरकार के कानून को तमाशा बना दिया है पूरे जिले में अवैध तरीके से विद्युत की चोरी करने वालों लोगों से विद्युत अधिकारियों की सांठगांठ के चलते विद्युत विभाग को बड़ा नुकसान हो रहा है विभाग में जिन कर्मचारियों पर कुछ वर्ष पहले योजना में पलीता लगा कर करोड़ों की हेराफेरी का आरोप था विभागीय योजनाओं को पलीता लगा कर करोड़ों रुपए की वसूली करने के आरोप पर भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों को जिले से बाहर भेज दिया गया था विभाग को पलीता लगाने वाले कर्मचारियों ने फिर गुणा गणित करके कौशांबी विद्युत कार्यालय में अपनी पोस्टिंग करा ली है आखिर दागी कर्मचारियों के सहारे कैसे निष्पक्ष तरीके से विद्युत व्यवस्था संचालित हो सकेगी आए दिन विधुत चोरी की जनता शिकायत कर रही है शिकायतों के बाद भी चोरी से चलाए जा रहे विद्युत कनेक्शन को विद्युत अधिकारी नहीं काट रहे हैं शासन तक शिकायत किए जाने के बाद भी विद्युत अधिकारी विद्युत चोरी करने वाले लोगों के बचाव में ज्यादा ऊर्जा लगाते दिखाई पड़ रहे हैं विद्युत चोरी से हो रही विद्युत नुकसान की भरपाई फर्जी विद्युत बिलिंग से हो रही है जिसके चलते विद्युत बकाया का फर्जी आंकड़ा विभाग में बढ़ रहा है अधिशासी अभियंता विद्युत का कहना है कि जब तक उनके पास शिकायती पत्र नहीं आएगा तब तक विद्युत चोरी के कनेक्शन को कैसे काटेंगे सिराथू क्षेत्र के अंदावा के एक ढाबा में विद्युत चोरी किए जाने की 5 बार जीत लाल सोनकर ने अधिशासी अभियंता से शिकायत की है लेकिन विद्युत चोरी नहीं रुक सकी है सिराथू तहसील क्षेत्र के अंदावा के एक ढाबे में अवैध तरीके से विद्युत चोरी कर विभाग को चपत लगाई जा रही है 13 वर्षों पूर्व मृतक हो चुके केदारनाथ पुत्र काशीराम सोनकर के कनेक्शन उपयोग की बात ढाबा द्वारा की जा रही है जबकि केदारनाथ के पुत्र इस बात का विरोध कर रहे हैं मामले की शिकायत अधिशासी अभियंता अधीक्षण अभियंता से लेकर ट्विटर के माध्यम से शासन तक लोगों ने की लेकिन उसके बाद भी विद्युत चोरी का अवैध कनेक्शन नहीं काटा जा सका है शासन को झूठी रिपोर्ट भेजकर गुमराह करने में विद्युत अधिकारियों को महारत हासिल है अब सवाल उठता है कि 13 वर्षों पूर्व केदारनाथ की मौत के बाद उनके नाम से विधुत कनेक्शन चलाए जाने पर यदि कोई जनधन की हानि हुई तो उसका जवाब देह कौन होगा इस बात का उत्तर अधिशासी अभियंता के पास नहीं है।

संपादकीय

# राजद्रोह कानून पर सुप्रीम आदेश

**राजद्रोह** कानून पुनः चर्चा में है। आजादी के बाद से ही देश में इस कानून का बेजा इस्तेमाल हुआ है। लेकिन पिछले दो दशकों में इस कानून का जमकर दुरूपयोग हुआ है। कई मामले ऐसे प्रकाश में आये हैं, जहां साफ तौर पर ये देखा गया कि इस कानून का गलत प्रयोग किया जा रहा है। हाल ही में महाराष्ट्र की निर्दलीय सांसद एवं उनके विधायक पति पर जिस तरह राजद्रोह का मामला कायम हुआ है, उसके बाद से ये कानून चर्चा में बना हुआ है। बीते बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने उम्मीद जगायी कि इस दिशा में कुछ सकारात्मक होगा। वास्तव में कई सरकारों ने भारत-पाक मैच में नारे लगाने, हनुमान चालीसा पाठ, सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने तथा कार्टून बनाने जैसी अभिव्यक्ति पर अंकुश हेतु कानून का दुरुपयोग किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार राजद्रोह कानून की समीक्षा करेगी, तब तक इसके तहत कोई नयी प्राथमिकी दर्ज न हो। वहीं जो मामले इस कानून के तहत चल रहे हैं उनमें भी अब कार्रवाई न हो। साथ ही जो लोग इस कानून के तहत जेल में हैं, वे अपनी जमानत के लिये अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं। पुराने लंबित केस भी स्थगित रखे जाएंगे। सरकार नया मसविदा पेश करे। अदालत जुलाई के तीसरे सप्ताह में फिर सुनवाई करेगी। 16 मार्च 2021 को पहली बार संसद में गृह राज्यमंत्री जी किशन रेड्डी ने खुद राजद्रोह कानून की समीक्षा की जरूरत महसूस की। दरअसल, सरकार पर इस कानून के बेजा इस्तेमाल को लेकर सवाल खड़े होते रहे हैं। 1860 में बने राजद्रोह कानून को 1870 में भारतीय दंड संहिता के छठे अध्याय में 124 (ए) के तहत जगह मिली। इसमें प्रावधान है कि अगर कोई व्यक्ति बोलकर, लिखकर या चिन्हों में घृणा, अवमानना, उत्तेजित, उकसावे या असंतोष भड़काने का प्रयास करता है तो वह राजद्रोह है।1891 में राजद्रोह का पहला मामला अखबारनवीस जोगेंद्र बोस पर दर्ज हुआ था। उसके बाद अंग्रेजों के खिलाफ स्वाधीनता की लड़ाई लड़ने वाले बाल गंगाधर तिलक से लेकर अनेक सेनानियों ने मुकदमे झेले। अंग्रेजों ने इस कानून को आजादी की लड़ाई पर अंकुश का हथियार बना डाला। जानकर हैरानी होगी कि जिस ब्रिटिश हुकूमत ने इस कानून को बनाया था, उसी ब्रिटेन में 2010 में इस कानून को खत्म किया जा चुका है। दूसरी तरफ, यह हमारे यहां आज भी न केवल चलन में है बल्कि विवादों और सुर्खियों में भी। किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ ने केंद्र सरकार से सवाल किए थे कि जिन पर यह धारा थोप दी गई और जो जेल में कैद हैं, उनका क्या होगा? क्या सरकार सुनिश्चित करेगी कि समीक्षा की प्रक्रिया पूरी होने तक किसी पर भी राजद्रोह कानून की धारा नहीं लगाई जाएगी? क्या केंद्र सरकार राज्यों को भी निर्देश देगी कि धारा 124-ए का फिलहाल इस्तेमाल न किया जाए? बहरहाल तय कार्यक्रम के अनुसार, भारत सरकार ने सर्वोच्च अदालत में अपने हलफनामे के जरिए न्यायाधीशों के सवालों के जवाब दे दिए हैं। सरकार के सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत में पक्ष रखा था कि प्रधानमंत्री मोदी की दृष्टि के संदर्भ में देशद्रोह कानून पर पुनर्विचार किया जाएगा। सरकार धारा 124-ए के दुरुपयोगी प्रावधानों और सरकारों की प्रतिशोधात्मक मानसिकता की समीक्षा करेगी, लिहाजा सुप्रीम अदालत में फिलहाल सुनवाई स्थगित कर दी जाए।

# मानव जीवन का व्यापकतर प्रयोजन

गिरीश्वर मिश्र

**सरे आम बीड़ियाँ व सिगरेट फूंकते हैं। सीटों से लेकर डिब्बों के प्रवेश द्वारा पर या डिब्बे में आवागमन के रास्ते में बैठकर ये लोग गंदिगी फैलाते हैं। परन्तु रेलवे पुलिस हो या रेल में चलने वाला स्टाफ कोई भी इन्हें ट्रेन से न तो उतारता है न ही जुरमाना वसूलता है। यह लोग भी ट्रेन को अपनी पैतृक संपत्ति समझकर यात्रा करते हैं। परन्तु यदि कोई गरीब मजबूर रेल यात्री किसी मजबूरी वश बेटिकट यात्रा कर रहा हो तो उसे जेल भी जाना पड़ सकता है। इस दोहरी व लचर व्यवस्था से भी रेलवे का मुक्त होना बेहद जरूरी है**

**गोस्वामी** तुलसीदास के रामचरितमानस के किष्किंधा काण्ड में एक प्रसंग आता है जिसमें सीता जी की खोज के लिए वानरों के प्रस्थान के अवसर पर राजा सुग्रीव, अंगद, नल तथा हनुमान आदि प्रधान योद्धाओं को मन, वचन और कर्म से प्रभु श्रीराम के कार्य को संपन्न करने को कहते हैं। उसी क्रम में यह कहा गया- देह धरे कर यह फलु भाई, भजिय राम सब काम बिहाई। यहाँ शरीर की उपादेयता या देह धारण करने की फलश्रुति सबकुछ छोड़कर श्रीराम के भजन में प्रतिपादित करती है। शरीर का अर्थ है एक भौतिक रचना जो गोस्वामी तुलसीदास के शब्दों में क्षिति ( भूमि), जल, पावक (अग्नि), गगन (आकाश) समीरा (वायु) के सूत्र के अंतर्गत निर्मित और संचालित होती है। यह शरीर हमें एक ठोस आधार प्रदान करता है और ज्ञानेन्द्रियों और कर्मेन्द्रियों की सहायता से हम विभिन्न कार्य संपादित करते हैं। मानस (अंतःकरण), बुद्धि और अहंकार मिलकर हमारे लिए सोचना और कल्पना करना संभव बनाते हैं। कालिदास की मानें तो शरीर ही धर्माचरण का प्रमुख साधन है- शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम ! पर यह भी एक प्रकट सत्य है कि शरीर की रचना निरन्तर क्षरणशील है। जीर्ण-शीर्ण होते हुए अंततः देह का नाश होना अनिवार्य है। वही उसकी एकमात्र अंतिम परिणति होती है। देह के अनित्य और अस्थाई स्वभाव के चलते अपने हमें अपने अभाव की चिंता बड़ी डरावनी कल्पना लगती है। मृत्यु को देखने और उसके महा सत्य से परिचित होने के बावजूद जीने और जीते रहने की अनंत इच्छा हर किसी के मन में बनी रहती है और मृत्यु को नकारने की हरसंभव कोशिश की जाती है। महर्षि पतंजलि अपने योग सूत्र में इस जीने (या न मरने) की असंभव इच्छा को अभिनिवेश कहते हैं। उन्होंने इसकी पहचान एक बड़े क्लेश के रूप में की है जो अविद्या, अस्मिता (मैंपन), राग और द्वेष के साथ मिलकर आदमी को बुरी तरह उलझाए रहती है और दुःख का कारण बनती है। मनुष्य की काम्य स्थिति तो स्वस्थ (अपने में स्थित) रहने की होती है पर वह इतर वस्तुओं में चित्त की संलग्नता (वृत्ति सारूप्य) के कारण परस्थ (यानी अस्वस्थ!) हो उठता है। स्वरूप की पहचान न होने पर मनुष्य अपने आत्मबोध को संसारी वस्तुओं से जोड़कर देखने लगता है जबकि यह अकाट्य सत्य है कि किसी भी वस्तु से संपर्क स्वभावतः केवल सीमित और अस्थाई ही हो सकता है। वस्तुतः सारे के सारे संयोगों का अंत वियोग में ही होता है पर पदार्थों के साथ जोड़ की गाँठ इतनी



मजबूत होती है कि अनित्य और मिथ्या की सच्चाई जान-समझकर भी आदमी उनकी सत्य की प्रतीति (भ्रम) से अपने को मुक्त नहीं कर पाता है। वह आत्ममुग्ध और स्वार्थी होने लगता है, जिसका परिणाम होता है कि लोभ और मोह कम होने के बदले दृढ़तर होता जाता है। कहना न होगा कि इससे जुड़ी नई-नई कथाएँ आए दिन हम सबके सामने आती रहती हैं। ऐसे में इस तरह सीमित-संकुचित जीवन में सनातन की खोज लगी ही रहती है। नित्य और स्थाई की तलाश की चुनौती सभी सभ्यताओं के लिए प्रस्थान बिंदु सरीखी दिखती है और जिसका समाधान तरह-तरह से किया जाता है। मृत्यु के बाद शव को कब्र में दफन करने, जलाने, जल में प्रवाहित करने या फिर किसी और तरह से सुरक्षित (मिस्त्र के पिरामिड) या नष्ट करने (पारसी पद्धति) के भिन्न-भिन्न किस्म के अभ्यास प्राचीनकाल से चलते आ रहे हैं और उनमें से कई आज भी पूरी दुनिया में प्रचलित हैं। उन देशों में भी जहां वैज्ञानिकता का दंभ है और भौतिकता ज्यादा ही हावी है, किसी विश्वास के तहत मृत व्यक्ति को कब्र में दफनाया जाता है। भारतीय चिंतन में मनुष्य जीवन के अभिप्राय को समझने-समझाने के लिए कई तरह के नजरिये या दृष्टियां मिलती हैं। इनमें एक तरह की सोच जो ज्यादा लोक-प्रचलित और व्यापक रूप से स्वीकृत है, आस्तिक (यानी ईश्वर की सत्ता में विश्वास करने वाली) है। यह शरीर के अतिरिक्त आत्मा की उपस्थिति के विचार को लेकर चलती है और कर्म (कार्य-कारण का अकाट्य सम्बन्ध अर्थात कार्य और उसके परिणाम की मयार्दा) और पुनर्जन्म के नियम के अनुसार जीवन की घटनाओं की व्याख्या करती है। इन सबके बीच धर्म की अवधारणा का केन्द्रीय स्थान होता है जो करणीय, विहित, जीवन-मूलक, उचित, और कर्तव्य आदि भावों को व्यक्त करती है। धर्म के ये सभी आशय मनुष्यता के तत्वों को रूपायित करता है। एक प्रचलित विचार के अनुसार धर्म अभ्युदय (यानी लौकिक और भौतिक समृद्धि और संपदा) और निःश्रेयस (अर्थात आत्मिक /आध्यात्मिक उन्नति ) दोनों को साधता है। यद्यपि धर्म की तह तक पहुंचना और समझना एक मुश्किल काम माना गया है फिर भी धैर्य, क्षमा, संयम, अस्तेय (चोरी न करना), शौच (स्वच्छता), इन्द्रिय-निग्रह, बुद्धि, विद्या, सत्य, अक्रोध, दान, दया, तथा शान्ति आदि गुणों की धर्म के लक्षण के रूप में पहचान की गई है और उनको अपनाने पर बल दिया गया है। योग-शास्त्र में वर्णित यम अर्थात सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह (संग्रह न करना) और ब्रह्मचर्य भी धर्म के तत्व को ही द्योतित करते हैं, जिन्हें महर्षि पतंजलि महाव्रत कहते हैं जो देशकाल, जाति, धर्म आदि का अतिक्रमण करने वाले हैं और सबके लिए हैं। इसलिए वे सार्वभौम हैं। उपनिषद् श्रेय (जो कल्याणकारी हो ) और प्रेय (जो सिर्फ प्रिय हो ) की बात करते हैं और श्रेयस्कर को चुनने की सलाह देते हैं। इसी तरह विद्या और अविद्या दो तरह के ज्ञान-साधना की बात भी मिलती है जो भौतिक जीवन और पारलौकिक जीवन (परा और अपरा ) का मार्ग प्रशस्त करती हैं। इन सब विचारों से यह प्रकट होता है कि शरीर को सीमा न मानकर उसकी सहायता से शरीर की सीमा का अतिक्रमण किया जाय और यथाशक्ति शरीर को रोगमुक्त और उपयोगी बनाए रखा जाय। इसी अर्थ में गोस्वामी तुलसीदास शरीर को साधन धाम और मोक्ष का द्वार कहा है। भौतिक उपादान और आध्यात्मिक उन्नति के बीच सेतु के रूप में शरीर को ग्रहण करने से जुड़ी सोच के गहन शास्त्रीय पहलू आम आदमी की पहुंच के बाहर होते हैं और इसलिए किसी अजूबे से कम नहीं हैं। साथ ही जो कुछ अनुभव से हाथ में आता है वह सब पूरा का पूरा दृश्यमान भी नहीं होता है। बहुत कुछ आखों से ओझल यानी अदृष्ट ही बना रहता है और उपजने वाला होता है. इसलिए जीवन में हल्के-फुल्के मिल रहे आभासों और परिचित-अपरिचित आख्यानों के इर्द-गिर्द ही ज्यादातर लोगों की जीवन की समझदारी फैली-बिखरी मिलती है और उसी के अनुसार वे अपना और जीवन का अर्थ लगाते चलते हैं। बहरहाल एक प्रमुख विचारधारा इस जीवन को पहले से चली आ रही एक विस्तृत यात्रा का हिस्सा मानते हुए यात्रा के बीच का पड़ाव मानती है। यह यात्रा शरीर धारण कर जो अव्यक्त था वह व्यक्त और शरीर के क्षय के साथ अव्यक्त हुआ मानती है। इस यात्रा में शरीर को एक उपकरण या संसाधन है और निमित्त के रूप में उसका उपयोग किया जाना चाहिए। इसका विधान विश्व के कल्याण के लिए है। विश्व-रंगमंच तो सतत बनती-बिगड़ती सृष्टि का हिस्सा है जिस पर सभी को विभिन्न अवधियों के लिए अपनी-अपनी भूमिका निभानी होती है। इस यात्रा में वे मूल्य ही प्रमुख निर्णायक होते हैं जिनके जीवन अर्पित किया जा सकता है। भौतिक जीवन में आसक्ति में तात्कालिक सुख मिलता है पर आसक्ति की कामना बनी रहती है और इसका दुश्चक्र चलता ही रहता है। इससे पार पाने के लिए कई तरह युक्तियाँ सोची गईं। भक्ति, ज्ञान और कर्म के मार्ग इसी लक्ष्य की ओर अग्रसर करते हैं। इनमें भक्ति का मार्ग सहज ग्रा है जिसमें निर्व्याज ईश्वर-भक्ति का विधान किया गया। माया के विषयों की आसक्ति और ममता को छोड़ कर भगवत्सेवा करने के लिए कहा गया जिससे सारे शोक मिट जाएं। भगवान श्रीराम सद्गुणों की खान हैं और उनकी निकटता मनुष्य की दृष्टि का विस्तार करती है। गोस्वामी जी कहते हैं कि मानव देह धारण करने का सुफल है कि सब कामनाओं को छोड़ कर श्रीराम का भजन किया जाए। भक्त के गुणों में अनेक स्थलों पर उल्लेख मिलता है।

# वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा तंत्र विकसित करना होगा

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर कोविड-19 महामारी का कहर जिस तरह पूरी दुनिया ने झेला और लाखों लोगों ने अपने प्राण खोए, जीवन चक्र के हर क्षेत्र को बाधित किया, इतिहास के पन्नों में दर्ज इस घटनाक्रम को पीढ़ियों तक याद किया जाएगा परंतु कुछ अपवादों को छोड़ दें तो इस महामारी को करीब-करीब नियंत्रित कर लिया गया है परंतु इसे यूं ही छोड़ देने से अब काम नहीं चलेगा! दुनिया ने कोरोना काल में बहुत कुछ खोया है। महामारी नें लोगों में एक नया तनाव पैदा कर दिया है इस तनाव का समाधान किए जाने को रेखांकित करना जरूरी है जिससे महामारी की टेंशन को दूर किया जा सके, वैश्विक समुदाय को कैसे अपने प्रयास दोगुने कर यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसे किसी अन्य महामारी के लिए दुनिया तैयार है। अब महामारी को भी मौजूदा चुनौतियों के समाधान के लिए नए कदमों को बढ़ावा देना होगा - एक मजबूत वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा तंत्र विकसित करना होगा, एक रणनीतिक रोडमैप के साथ चलना होगा ताकि स्वास्थ्य और खाद्य पदार्थों की आपूर्ति चयन को बाधित होने से बचाया जा सके इसीलिए ही अमेरिका ने पहले ग्लोबल कोविड-19 सम्मिट के आयोजन की शुरूआत 27 सितंबर 2021 से की थी और आज 12 मई 2022 को दूसरा वर्चुअल सम्मिट हुआ जिसमें भारतीय पीएम सहित अनेक महानुभवों ने हिस्सा लिया जिसकी मेजबानी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बायडेन द्वारा की गई।

साथियों बात अगर हम कोविड -19 महामारी पर नियंत्रण की करें तो इस लड़ाई में भारत की भूमिका वैश्विक स्तरपर महत्वपूर्ण रही और दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम आज भी भारत में शुरू है। पीआईबी के अनुसार दिनांक 12 मई तक भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज आज सुबह 7 बजे तक अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 190.83 करोड़ (1,90,83,96,788) से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 2,38,04,578 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया गया है। 12-14 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 टीकाकरण 16 मार्च, 2022 को प्रारंभ हुआ था। अब तक 3.10 करोड़ (3,10,92,227) से अधिक किशोरों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई गई है। समान रुप से 18-59 आयु वर्ग के लिये प्रीकॉशन खुराक भी 10 अप्रैल,2022 को प्रारंभ की गई थी। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा सम्मिट में संबोधन की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अनुसार उन्होंने कहा, भारत डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुमोदित चार टीकों का निर्माण करता है और इस वर्ष 5 बिलियन खुराक का उत्पादन करने की क्षमता रखता है। बीते महीने हमने अपने सदियों पुराने ज्ञान को दुनिया को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत में डब्ल्यूएचओ सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन की नींव रखी थी। यह स्पष्ट है कि भविष्य की स्वास्थ्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए एक समन्वित वैश्विक प्रतिक्रिया कीआवश्यकता है।उन्होंने कहा कि हमारा वैक्सीनेशन कार्यक्रम दुनिया में सबसे बड़ा है। हमने लगभग 90 फीसदी वयस्क आबादी और 50 मिलियन से अधिक बच्चों को पूरी तरह से टीका लगाया है। भारत डब्ल्यूएचओ से मंजूरी पाने वाली चार वैक्सीनों का निर्माण कर रहा है, इस साल हमारी 5 बिलियन डोज का उत्पादन करने की क्षमता है, इसके साथ हमने 98 देशों में करीब 200 मिलियन वैक्सीन की डोज भेजी हैं। हम भारत में हजारों लोगों की जान बचाने के लिए पारंपरिक दवाओं का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि भविष्य की स्वास्थ्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए एक समन्वित वैश्विक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। हमें एक लचीली वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला कानिर्माण करना चाहिए और टीकों और दवाओं तक समान पहुंच को सक्षम बनाना चाहिए। उन्होंने कहा, डब्ल्यूटीओ, खास तौर पर ट्रिप्स (बौद्धिक संपदा नियमों को लेकर अंतरराष्ट्रीय समझौता) के नियमों को ज्यादा लचीला बनाने की जरूरत है। डब्ल्यूएचओ में अनिवार्य तौर पर सुधार होना चाहिए और इसे ज्यादा मजबूत बनाने की जरूरत है ताकि वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे को ज्यादा उपयोगी बनाया जा सके। पीएम की यह मांग इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि भारत दूसरे देशों को खाद्य आपूर्ति बढ़ाने पर जोर दे रहा है।

कोरोना महामारी और यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद दुनिया में खाद्य संकट पैदा होने के आसार हैं। पीएम से पहले विदेश मंत्री ने वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को उठाया है कि भारत दुनिया को खाद्यान्न संकट से लड़ने में मदद करने को तैयार है लेकिन पहले डब्ल्यूटीओ को अपने नियम बदलने होंगे।

## चिंतन

# श्रीलंका को नए प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे से उम्मीदें

डॉ. रमेश ठाकुर

**रानिल** विक्रमसिंघे पांचवीं बार श्रीलंका के प्रधानमंत्री बन गए हैं। कांटों से भरे इस ताज के साथ विक्रमसिंघे के समक्ष कठिनाइयों और चुनौतियों का अंबार है। सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे स्वतः बीते एकाध दिनों से लगातार ऐसे फैसले ले रहे हैं जिससे देश की बिगड़ी अर्थव्यवस्था किसी भी तरह से सुधारी जा सके। इसलिए नए प्रधानमंत्री रानिल के कंधों पर उम्मीदों का बड़ा भार है। हालांकि अनमने मन से उन्होंने प्रधानमंत्री का पद संभाला जरूर है, लेकिन भय उनके भीतर भी है। लेकिन विपक्षी दलों ने उनसे साफ कहा है, उनके किसी फैसले का विरोध नहीं करेंगे, बस देश को सुधार दो। कोर्ट, प्रशासन, राजनीति, जनता, तमाम तंत्र उनके साथ चलने को राजी है। जिस बुरे दौर से श्रीलंका गुजर रहा है, ऐसी कल्पना श्रीलंकाइयों ने सपनों में भी नहीं की होगी। नए प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे युनाइटेड नेशनल पार्टी यानी यूएनपी के प्रमुख नेता हैं। उन्हें श्रीलंका का सबसे अच्छा प्रशासक और ताकतवर देशों का समर्थक माना जाता है। भारत के अलावा अमेरिका के साथ उनके संबंध अच्छे रहे हैं। पर, समस्याएं इस वक्त विकट हैं, इससे पहले भी वे चार बार देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। हालांकि तब की परिस्थितियों से आज के हालात की तुलना नहीं की जा सकती।

इस वक्त समूचा श्रीलंका तबाह हुआ पड़ा है। लोग खाने-पीने की चीजों के साथ अन्य जरूरी चीजों के मोहताज हैं। काम-धंधे, व्यापार, नौकरियां, स्कूल-कॉलेज सब पर ताले हैं। जनजीवन थम गया है। पर्यटकों ने आना बंद कर दिया है। ये ऐसा क्षेत्र है जो देश की अर्थव्यवस्था में मजबूती देता है। राजनीतिक उठापठक के बीच आर्थिक संकट के समुद्र में भी श्रीलंका गोता खा रहा है, उससे देश को बाहर निकालना रानिल विक्रमसिंघे की सबसे बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री पद की कमान भले उन्होंने संभाल ली, पर जिन चुनौतियों से उन्हें अगले कुछ महीनों में लड़ना है, उसमें वह कितना सफल होते हैं, ये कहना अभी बहुत जल्दबाजी होगी। कुल मिलाकर, श्रीलंका को एक अनुभवी प्रशासक चाहिए था। शायद रानिल के मिलने से यह खोज पूरी होगी। वे बेदाग नेता हैं। बिना लाग-लपेट और साफगोई से अपनी बात कहते हैं। निर्णय लेने में वह ज्यादा देरी नहीं करते। सबको साथ लेकर चलने में उन्हें महारथ हासिल है। रानिल के प्रधानमंत्री बनने पर भारत ने भी खुशी जाहिर की है। रानिल के राजनीतिक करियर को देखें तो ऐसा लगता है कि श्रीलंका को ऐसे ही नेता की इस वक्त जरूरत थी। वह अपनी पार्टी युनाइटेड नेशनल पार्टी के 1994 से सर्वमान्य के नेता हैं। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने 7 मई 1993 से 18 अगस्त 1994, 8 दिसंबर 2001 से 6 अप्रैल 2004, 9 जनवरी 2015 से 26 अक्टूबर 2018 और 15 दिसंबर 2018 से 21 नवंबर 2019 तक देश की बागडोर संभाली। इसके अलावा वे सदन में दो बार नेता विपक्ष भी रहे। वह श्रीलंका में ही नहीं, बल्कि संसार भर में राजनीतिक पटल पर जाने पहचाने नेता हैं। श्रीलंका की स्थिति इस वक्त ऐसी है जिसे राजनीतिक-प्रशासनिक गठजोड़ ही उबार पाएगा। बिगड़ी अर्थव्यवस्था में अगर रानिल कुछ महीनों में तीस-चालीस फीसदी भी सुधार कर पाते हैं तब भी उनकी बड़ी उपलब्धि होगी। उनकी नियुक्ति इसलिए अहम मानी जा रही है, क्योंकि श्रीलंका की अवाम को उनसे बड़ी उम्मीदें हैं। वह इकलौते ऐसे नेता हैं जिसपर जनता विश्वास करती है। वे देश को राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक संकट और हिंसा से बाहर निकाल पाएंगे, ऐसी उम्मीद वहां के लोग लगाए बैठे हैं। श्रीलंका में बीते डेढ़ महीने से कानून-व्यवस्था चौपट हो चुकी है, उसे दुरूस्त करना होगा। सुरक्षा दृष्टि से इस पड़ोसी मुल्क को हमेशा से शांत प्रिय कहा जाता है। लिट्टे के आतंक से मुक्ति के बाद देश में अमन-चैन लौटा था। लेकिन अचानक उगता सूरज डूब गया, अर्थव्यवस्था धड़ाम हो गई। इन सभी समस्याओं से रानिल विक्रमसिंघे को जूझ कर समाधान निकालना होगा। बहुत जल्द कुछ ऐसा करना होगा, जिससे आम जीवन कुछ सामान्य हो सके। जैसे भारत ने आर्थिक मदद, पेट्रोल, खाद्य सामग्री भेजी है, श्रीलंका की मदद के लिए कुछ और देशों को आगे आना होगा।

# करोना संक्रमणः घबराइए नहीं सिर्फ सावधान बरतें

संजीव ॉ

करोना कभी न नष्ट होने वाला वाला ऐसा जानलेवा संक्रमण है जिसके महीनों तथा वर्ष के अंतराल में लौट लौट कर मानव शरीर में आने की संभावना सदैव बनी रहती है । वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि करोना संक्रमण के वैरीअंट को समूचा खत्म नहीं किया जा सकता उसकी केवल प्रीवेंटिव मेडिसिन या वैक्सीन ही ली जा सकती है। करोना से दूर रहने के लिए केवल और केवल सावधानी और चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा दी गई गाइडलाइंस का ही पालन करना होगा, अन्यथा करोना जानलेवा तो है ही। क्या आपको नहीं लगता एक दूसरे के संक्रमण से फैलने वाला भयानक करोना सिर्फ प्राकृतिक विपदा एवं प्राकृतिक असंतुलन का नतीजा है, बल्कि कुछ मांस भक्षी लोगों मानसिक असंतुलन का भी भयानक परिणति है। प्रकृति ने हमें पहले से ही सचेत करके रखा था, पहले सुनामी, बाढ़, सूखा और भूस्खलन के परिणामों से हमें आगाह किया था और न जाने इन भयानक विपदाओं से कितने लोग काल के गाल में समा चुके हैं। हर वर्ष सुनामी,भूस्खलन,बाढ़ से मरने वालों की संख्या हजारों में होती रही है, पर कुछ देशों के नागरिकों के मानसिक संतुलन का क्या कहें, जिन्हें सब्जी,भाजी,दूध,फल, सूखे मेवे को छोड़कर कुत्ता, बिल्ली,सांप, चमगादड़, सूअर खाने की न जाने क्यों इच्छा बलवती हुई है,और उन्होंने इसका रोजमर्रा की जिंदगी में सेवन करना शुरू कर दिया,चीन सहित विश्व में कई ऐसे देश है जो हर जंतु के मांस का खाने में रोज इस्तेमाल कर नई-नई बीमारियों को जन्म दे रहे हैं। चीन के द्वारा चमगादड़, सांप, केकड़े और ना जाने कितने जीव जंतुओं का मांस अपने आहार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, और इसी की परिणति हुई है कि चमगादड़ में नाना प्रकार के प्रयोग कर करोना वायरस जैसे भयानक संक्रमण वाली बीमारी की उत्पत्ति कर दी और यही करोना वायरस ने पूरे विश्व में मौत का तांडव मचा कर लाखों लोगों की मृत्यु का कारण भी बना है। यह मानवीय मानसिक आसंतुलन तथा दिवालियापन का एक भयानक परिणाम है। जिसकी एकदम सही और सटीक इलाज खोजने में चिकित्सकों को वैज्ञानिकों को सिर से पैर तक पसीना छूट गया है। फिर भी इस कोविड-19 के वायरस का 100% इलाज नहीं खोज पाए हैं। पृथ्वी में बहुत सारी सकारात्मक चीजें हैं जल, वायु, मृदा तत्व, पेड़, झरने,समुद्र, तालाब,नदियां इन सब का सकारात्मक इस्तेमाल कर मानव धरती को समृद्ध तथा मालामाल करता आया है, एवं अपने जीवन यापन हेतु सुचारू रूप से सब्जियां, फल,आयुर्वेदिक दवाएं और न जाने कितने मृदा तत्व जिनमें हीरे,मोती, जवाहर, लोहा,पीतल, तांबा,सोना,चांदी आदि निकालकर जीवन को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सफल हुआ है। पर कुछ लोगों ने दिमागी असंतुलन के चलते मूक जानवरों का वध करके उसे भोजन की वस्तु बनाकर प्राकृतिक असंतुलन बढ़ाने का जोखिम उठाया, इसी तरह पेड़, जल, मिट्टी, वायु का संरक्षण न करके उसने अप्राकृतिक वस्तुओं का इस्तेमाल करके विश्व का तापमान बढ़ाकर मानव जाति के लिए अनेक खतरे एवं मुसीबतें पैदा कर ली है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण असंतुलित हो गया है। पर्यावरण प्रदूषण हमारी आधुनिक जीवन शैली के कारण बुरी तरह से शहरों में फैला हुआ है।पर्यावरण प्रदूषण तथा तापमान असंतुलन भी वैश्विक स्तर पर लाखों लोगों की मौत का कारण बना। प्रकृति के इस भयानक असंतुलन के कारण हर शहर हर देश में लाखों लोग मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं, पर मानसिक असंतुलन के कारण न सिर्फ मानव शरीर नष्ट हो रहा है, बल्कि लाखों निरीह जानवर, जीव,जंतु भी मौत के घाट उतार दिए गए। चीन और विश्व के आदिवासी बाहुल्य देश के लोग सांप बिच्छू, चमगादड़ एवं अन्य जीव-जंतुओं का शिकार कर अपने मानसिक असंतुलन का परिचय देकर अपने पेट के दावानल को शांत कर रहे हैं। ऐसा सामान्य मनुष्य सोच भी नहीं सकता। ऐसे में प्रकृति भी इस प्राकृतिक असंतुलन तथा मानसिक दिवालियापन को आत्मसात ना करके प्रक्रियागत नाना प्रकार की बीमारियों तथा मृत्यु के अनेक कारणों को जन्म दे रही है।

# सार्वजनिक स्वास्थ्य पर दावे और हकीकत

विजय गर्ग

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के ताजा सर्वेक्षण में यह हकीकत सामने आई है कि देश के उन्नीस फीसद परिवारों के पास अब भी शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है। अस्वच्छता की वजह से फैलने वाली बीमारियों पर काबू पाने के मकसद से स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया था। इसके तहत न सिर्फ लोगों को खुले में शौच से रोकने के लिए अभियान चलाए गए, बल्कि सरकारी सहायता से शौचालय भी बनवाए गए। गरीब परिवारों के घरों में सरकार की तरफ से शौचालय बनवाए गए। तीन साल पहले सरकार ने घोषणा की कि अब भारत के हर घर में शौचालय है और लोगों की खुले में शौच की प्रवृत्ति समाप्त हो गई है। मगर राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के ताजा सर्वेक्षण में यह हकीकत सामने आई है कि देश के उन्नीस फीसद परिवारों के पास अब भी शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उन्हें खुले में शौच जाना पड़ता है। इनमें बिहार, झारखंड और ओड़ीशा में सबसे अधिक परिवार हैं। सर्वेक्षण में यह तथ्य जरूर उभर कर आया है कि अब लोगों की खुले में शौच की प्रवृत्ति काफी कम हुई है, मगर स्वच्छ भारत अभियान का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है। इसी तरह पीने के स्वच्छ पानी के उपयोग को लेकर भी सर्वेक्षण में पता चला है कि छियासठ फीसद ग्रामीण लोग बिना शोधन के पीने के पानी का उपयोग करते हैं। चौवालीस फीसद ऐसे लोग शहरों में भी हैं। इस सर्वेक्षण से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर काबू पाने के सरकार के संकल्प पर नए सिरे से विचार की जरूरत रेखांकित हुई है। दरअसल, हमारे देश में बहुत सारी बीमारियां गंदगी की वजह से पैदा होती हैं, जिनका समय पर उचित इलाज न मिल पाने के कारण वे जानलेवा साबित होती हैं। इन बीमारियों के चलते हर साल सरकार को सार्वजनिक स्वास्थ्य पर काफी धन खर्च करना पड़ता है।

## सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी : ओडिशा बड़ी जीत से क्वार्टर फाइनल में

**भोपाल।** ओडिशा ने शुक्रवार को यहां पूल एच के अपने अंतिम मैच में हिमाचल प्रदेश को 8-0 से करारी शिकस्त देकर 12वी सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दिन के अन्य मैचों में केरल ने पूल एच में तेलंगाना को 8-0 से पराजित किया जबकि दिल्ली ने पूल जी में गोवा को 5-1 से हराया, लेकिन इसके बावजूद ये दोनों टीम अंतिम आठ में जगह नहीं बना पायी।

क्वार्टर फाइनल शनिवार को खेले जाएंगे जिसमें महाराष्ट्र का सामना झारखंड से, हरियाणा का उत्तर प्रदेश से, पंजाब का कर्नाटक से और मध्य प्रदेश का सामना ओडिशा से होगा।

## शुरूआत में DRS की सुविधा ना होने पर फ्लेमिंग निराश, कहा- कुछ फैसले हमारे खिलाफ गए

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने उनकी पारी के शुरू में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) की सुविधा नहीं होने को 'दुर्भाग्यपूर्ण' करार देते हुए कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ मैच में इस दौरान कुछ फैसले उनके खिलाफ गए। वानखेड़े स्टेडियम में शॉर्ट सर्किट की वजह से चेन्नई की पारी की पहली 10 गेंद तक डीआरएस की सुविधा उपलब्ध नहीं थी जिसका उसकी टीम को नुकसान हुआ क्योंकि इस बीच कुछ फैसले उसके खिलाफ गए। चेन्नई के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अपने खिलाफ गए पगबाधा के फैसले को नहीं बदलवा पाए जबकि रीप्ले से लग रहा था कि डेनियल सैम्स की गेंद लेग स्टंप से बाहर निकल रही थी। रोबिन उथप्पा भी जसप्रीत बुमराह के अगले ओवर में पगबाधा आउट करार दिए गए और तब भी बल्लेबाज के बचने की संभावना दिख रही थी।

फ्लेमिंग ने मैच के बाद कहा, 'यह थोड़ा दुर्भाग्यपूर्ण था कि उस समय ऐसा हुआ। हम थोड़ा निराश थे, लेकिन यह भी खेल का हिस्सा है। उस समय कुछ फैसले हमारे पक्ष में नहीं गए। निश्चित तौर पर यह हमारे लिए अच्छी शुरुआत नहीं थी।' मुंबई के हाथों पांच विकेट की हार से चेन्नई की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं भी समाप्त हो गई। फ्लेमिंग हालांकि सकारात्मक पहलुओं पर गौर करना चाहते हैं। फ्लेमिंग ने कहा, 'हमारे लिए वास्तव में कुछ सकारात्मक पहलू रहे। मुकेश (चौधरी) और सिमरजीत (सिंह) की नई गेंद से गेंदबाजी शानदार रही। ऐसे में दीपक चाहर की वापसी पर हमारे पास नई गेंद से गेंदबाजी करने के कुछ अच्छे विकल्प रहेंगे।' उन्होंने कहा, 'हमने उतना अच्छा खेल नहीं दिखाया जैसा हमें दिखाना चाहिए था। अब हम प्रतियोगिता से बाहर हो गये हैं तो हम बाकी बचे दो मैचों में अन्य खिलाड़ियों को आजमा सकते हैं।' मुंबई के गेंदबाजी कोच शेन बांड ने पिछले कुछ मैचों में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। बांड ने कहा, 'गेंदबाजी इकाई के रूप में पिछले चार-पांच मैचों में हमने बेहतर प्रदर्शन किया। बुमराह ने पूरे सत्र में अच्छी गेंदबाजी की लेकिन उन्हें उतने विकेट नहीं मिले जितने मिलने चाहिए थे।'

## केकेआर से अलग होंगे ब्रैंडन मैक्कुलम, इंग्लैंड टेस्ट टीम के बने नए कोच

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कोच और पूर्व न्यूज़ीलैंड कप्तान ब्रेंडन मैक्कुलम को इंग्लैंड के टेस्ट टीम का कोच नियुक्त किया है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा की गई नियुक्ति के अनुसार उनका अनुबंध चार साल का होगा। मौजूदा आईपीएल सीजन की समाप्ति पर मक्कलम कोलकाता की कमान छोड़ देंगे।

उन्होंने अपने जीवन में 2004 और 2016 के बीच न्यूज़ीलैंड के लिए 101 टेस्ट खेले और अपने देश का इकलौता तिहरा शतक भी उन्होंने 2014 में भारत के खिलाफ लगाया था। बतौर टेस्ट बल्लेबाज़ उन्होंने 302 के सर्वाधिक स्कोर और 38.64 के औसत से 6453 रन बनाए। मैक्कुलम ने अपने कोचिंग जीवन में केवल सफेद गेंद क्रिकेट को ही संभाला है लेकिन उन्होंने न्यूज़ीलैंड की टेस्ट कप्तानी 2013 से लेकर खेल से संन्यास लेने तक की। मैक्कुलम अपनी सकारात्मक कप्तानी के लिए जाने जाते थे और वह 2015 50-ओवर विश्व कप में भी अपने टीम को आक्रामक क्रिकेट खिलाते हुए फाइनल तक ले गए थे। 2020 में कैरिबियन प्रीमियर लीग विजेता ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स के भी वही मुख्य कोच थे। मैक्कुलम का इंग्लैंड आना कोलकाता के आईपीएल अभियान के समापन पर निर्भर है। फिलहाल दो बार विजेता रही इस टीम के प्लेऑफ में पहुंचने के आसार कम हैं लेकिन असंभव नहीं। उनका आखिरी लीग मुक़ाबला 18 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के विरुद्ध खेला जाएगा और अगर वर्क परमिट सही समय पर मिल जाए तो वह 2 जून से लॉर्ड्स में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व ही नए टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के साथ जुड़ सकेंगे। मैक्कुलम ने एक कहा कि मैं टीम में मौजूदा चुनौती और परिस्थिति को जानते हुए यह जिम्मेदारी ले रहा हूं।

# भारतीय टीम 43 साल बाद सेमीफाइनल में, पांच बार की चैंपियन मलेशिया को 3-2 से हराया, मेडल भी पक्का किया

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम थॉमस कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने पांच बार की चैंपियन मलेशिया की टीम को 3-2 से हरा दिया। एक वक्त स्कोर 2-2 की बराबरी पर था। इसके बाद एचएस प्रणय ने निर्णायक मुकाबले में भारतीय टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में पहला मेडल पक्का किया।



भारतीय टीम 43 साल बाद सेमीफाइनल में पहुंच सकी है। इससे पहले टीम 1952, 1955 और 1979 में सेमीफाइनल में पहुंची थी। हालांकि, तब सिर्फ फाइनल में पहुंचने वाली टीमों को ही मेडल दिए जाते थे। इस बार टीम ने कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया है।

टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही और विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले लक्ष्य सेन को पहले मैच में ली जी जिया के हाथों 23-21, 21-9 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद सात्विकसाइराज रैंकिरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भारत की वापसी कराई और डबल्स मैच जीता। इस जोड़ी ने गोह जे फेई और नूर इज्जुद्दिन को 21-19, 21-15 से हराया।

किदांबी श्रीकांत ने अगला मैच जीतकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। श्रीकांत ने जी योंग को 21-11, 21-17 से हराया।

हालांकि, इसके बाद चौथे मैच में मलेशिया के एरॉन चिया और तियो ई यी ने भारत के कृष्णा प्रसाद गरागा और विष्णुवर्धन गौड़ पन्जाला की जोड़ी को 21-17, 21-19 से हरा दिया और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

ऐसे में मैच प्रणय और लियोंग के निर्णायक मैच तक पहुंचा। प्रणय ने निराश नहीं किया और मैच जीतकर भारत को सेमीफाइनल में जगह दिलाई। सेमीफाइनल में भारत का सामना डेनमार्क और कोरिया के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टरफाइनल मैच के विजेता से होगा।

## सुपर बेट क्लासिक शतरंज : अरोनियन नें मकसीम लागरेव को हराया

**बुकारेस्ट।** 2022 ग्रांड चैस टूर का पहले टूर्नामेंट सुपर बेट क्लासिक शतरंज के साथ ही एक बार फिर विश्व के शीर्ष ग्रांड मास्टरों के बीच क्लासिकल मुक़ाबले शुरू हो गए है । 10 खिलाड़ियों के बीच कुल 9 राउंड रॉबिन मुक़ाबले खेले जाएँगे । फिलहाल अब तक खेले गए छह राउंड के बाद यूएसए के ग्रांड मास्टर्स वेसली सो और लेवोन अरोनियन 4 ड्रॉ और 2 जीत के साथ 4 अंक बनाते हुए सयुंक्त बढ़त पर चल रहे है ।

वेसली सो नें पहले राउंड में अजरबैजान के शाखरियर ममेद्यारोव को हराते हुए टूर्नामेंट की शुरुआत की थी और फिर चौंथे राउंड में उन्होने विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर रूस के यान नेपोमिन्सी को पराजित किया था जबकि अरोनियन नें शुरुआती तीनों मुक़ाबले ड्रॉ खेलने के बाद चौंथे राउंड में हमवतन दोमिंगेज पेरेज तो छठे राउंड में फ्रांस के मकसीम लागरेव को मात देते हुए सयुंक्त बढ़त हासिल कर ली है ।अरोनियन नें काले मोहरो से




खेलते हुए मकसीम को क्यूजीडी ओपनिंग में मात्र 25 चालों मे हार मानने पर विवश कर दिया । वैसे अब तक हुए मुकाबलो के बाद विश्व रैंकिंग में लगभग 10 अंको का सुधार करते हुए वेसली सो पांचवें तो अरोनियन छठे स्थान पर पहुँच गए है । छह राउंड के बाद अन्य खिलाड़ियों में फ्रांस के मकसीम लागरेव ,यूएसए के फबियानों करुआना ,रूस के यान नेपोमिन्सी, यूएसए के दोमिंगेज पेरेज और रोमानिया के डेनियल बोगदान 3 अंको पर , हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट और फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा 2.5 अंक तो अजरबैजान के ममेद्यारोव 2 अंक बनाकर खेल रहे है ।

## सुंदरगढ़ में बन रहा है भारत का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम

**राउरकेला।** भारतीय हॉकी को दिलीप टिर्की सरीखे दिग्गज खिलाड़ी देने वाले सुंदरगढ़ जिले में देश का सबसे हॉकी स्टेडियम तैयार किया जा रहा है जिसकी क्षमता 20,000 दर्शकों की होगी। ओड़िशा के आदिवासी क्षेत्र में बन रहे इस स्टेडियम का नाम बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रखा गया है और यह अक्टूबर तक तैयार हो जाएगा। अगले साल जनवरी में एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के मैच इसी स्टेडियम में खेले जाएंगे।

भुवनेश्वर में कलिंग स्टेडियम की क्षमता 15000 दर्शकों की है लेकिन विश्व कप के दौरान बिरसा मुंडा स्टेडियम में तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम का समर्थन करने के लिये 20000 दर्शक मौजूद रहेंगे। राउरकेला शहर में बाहरी क्षेत्र में स्टेडियम के निर्माण का कार्य पिछले साल जून में शुरू किया गया था। इस स्टेडियम के निर्माण की लागत 200 करोड़ रुपये है। ओड़िशा के खेल विभाग के सलाहकार स्वागत सिंह ने लीग के मैच आयोजित करने की योजना है जो परीक्षण मैच का काम भी करेंगे। विश्व कप के बाद सरकार इस पूरे परिसर को हॉकी



पत्रकारों से कहा कि यह भारत का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम होगा। हमें लग रहा है कि यह विश्व में सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम होगा लेकिन अभी एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) से इसकी पुष्टि नहीं हुई है।उन्होंने इसके साथ ही बताया कि अक्टूबर में इस स्टेडियम में प्रो अकादमी के रूप में तब्दील करने पर भी विचार कर रही है। सुंदरगढ़ को भारतीय हॉकी का गढ़ माना जाता है जिसने दिलीप टिर्की, अमित रोहिदास और बीरेंद्र लाकड़ा जैसे खिलाड़ी देश को दिये हैं। इस क्षेत्र में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में यह खेल काफी लोकप्रिय है।

## चोट से जूझ रहे नडाल इटालियन ओपन के तीसरे दौर में हारे

**रोम।** फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट शुरू होने से केवल 10 दिन पहले राफेल नडाल फिर से चोट से जूझ रहे हैं। यह दिग्गज खिलाड़ी इटालियन ओपन में डेनिस शापोवालोव के खिलाफ तीसरे दौर के मैच में पांव में दर्द से परेशान रहा जिस कारण आखिर में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। शापोवालोव ने नडाल को शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठाने दिया और 1-6, 7-5, 6-2 से जीत दर्ज की।



इस मैच के दौरान 35 वर्षीय नडाल को कुछ अवसरों पर दर्द के कारण लड़खड़ाते हुए देखा गया। बाएं पांव में चोट के कारण नडाल पिछले साल कई टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे। नडाल ने कहा, 'मेरा पांव फिर से चोटिल हो गया है। बहुत दर्द हो रहा है। मैं ऐसा खिलाड़ी हूं जो चोटों के साथ जीवन व्यतीत करता रहा हूं। यह मेरे लिए नया नहीं है। दुर्भाग्य से चोट और मेरा चोली दामन का साथ है। दिन प्रतिदिन इससे मुश्किल हो रही है।' पांव की चोट नडाल के लिए चिंता का विषय है क्योंकि फ्रेंच ओपन 22 मई से शुरू हो रहा है जिसमें उन्होंने रिकॉर्ड 13 खिताब जीते हैं। नडाल ने कहा, 'एक सप्ताह में क्या होगा, मैं वास्तव में नहीं जानता।' इससे पहले विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने स्टेन वावरिंका को 6-2, 6-2 से पराजित किया। वावरिंका बाएं पांव के दो आपरेशन के बाद अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे थे। इटालियन ओपन में में पांच बार के चैंपियन जोकोविच का अगला मुकाबला फेलिक्स ऑगर अलियासिम से होगा जिन्होंने अमेरिकी क्वालीफायर मार्कोस गिरोन को 6-3, 6-2 से हराया।

## डि ब्रूएन के 4 गोल से मैनचेस्टर सिटी की बड़ी जीत




**लंदन।** केविन डि ब्रूएन के चार गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने वॉल्वरहैम्प्टन को 5-1 से करारी शिकस्त देकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता जीतने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। बेल्जियम के स्ट्राइकर डि ब्रूएन ने 24वें मिनट में ही अपनी हैट्रिक पूरी कर दी थी। इसके बाद उन्होंने 60वें मिनट में चौथा गोल किया। सिटी के लिए पांचवां गोल रहीम स्टर्लिंग ने 84वें मिनट में किया। इस जीत से सिटी ने अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी लिवरपूल पर तीन अंक की बढ़त हासिल कर ली है। उसे खिताब जीतने के लिये आखिरी दो मैचों में चार अंक चाहिए। लिवरपूल से उसका गोल अंतर सात है और ऐसे में तीन अंक हासिल करने पर भी वह खिताब जीत सकता है। अन्य मैचों में चेल्सी ने लीड्स को 3-0 से हराया जबकि एवर्टन और वाटफोर्ड का मैच गोलरहित बराबर छूटा।

# चेन्नई प्लेऑफ की रेस से बाहर, मुंबई ने 5 विकेट से जीता मैच

**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2022 का 59वां मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। चेन्नई ने पहले खेलते हुए धोनी के 36 रनों की बदौलत 97 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने आई मुंबई इंडियंस की टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 14.5 ओवर्स में 103 रन बनाकर जीत हासिल की। मुंबई की इस जीत के साथ ही चेन्नई की भी प्लेऑफ में जाने की उम्मीदें खत्म हो गई हैं।




**चेन्नई सुपर किंग्स (पहली पारी)**

चेन्नई के लिए शुरूआत बेहद खराब रही। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज डेनियल सैम्सन ने पहली ही गेंद पर ड्वेन कॉनवे को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। चेन्नई को मोईन अली से उम्मीद थी लेकिन वह भी पहली ही ओवर में बिना खाता खोले आऊट हो गए। सैम्स की बाऊंसर वह संभाल नहीं पाए थे। गेंद बल्ले से लगने के बाद ऋतिक के हाथों में समा गई थी।

बुमराह भी नहीं रुके। उन्हें पहली ही ओवर में रॉबिन उथप्पा को पवेलियन की राह दिखा दी। उथप्पा महज एक ही रन बना पाए थे। डेनियल सैम्स ने सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को 7 रन पर आउट कर चेन्नई को चौथा झटका दिया। यह सैम्स की तीसरी विकेट है। रिले मेरेडिथ ने अंबाती रायुडू को आउट कर चेन्नई को 5वां झटका दिया। रायुडू 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

शिवम दुबे के रूप में चेन्नई का 6वां विकेट गिरा। मेरेडिथ ने शिवम दुबे को 10 रन पर आउट कर अपना दूसरा शिकार बनाया। मुंबई के लिए इसके बाद कार्तिकेय सिंह ने गेंदबाजी में कमाल दिखाया। कार्तिकेय ने पहले ड्वेन ब्रावो तो बाद में सिमरजीत सिंह को पवेलियन की राह दिखा दी। 14वें ओवर में महीष भी रमनदीप सिंह की गेंद पर रोहित को कैच थमा बैठे। वह खाता भी नहीं खोल पाए थे। आखिरी विकेट के लिए धोनी ने मुकेश चौधरी के साथ मिलकर 16 रन बनाए और अपनी टीम का स्कोर 97 रन तक पहुंचाया।

**मुंबई इंडियंस (दूसरी पारी)**

मुंबई की शुरूआत भी खराब रही। पहली ही ओवर में ईशान किशन पवेलियन लौट गए। ईशान का विकेट जल्द गिर जाने के बाद रोहित शर्मा ने कुछ अच्छे शॉट खेले। लेकिन चौथी ओवर में वह सिमरजीत की गेंद पर लय खो बैठे और धोनी के हाथों लपके गए।

गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले डेनियल सैम्स को बल्लेबाजी के लिए ऊपर आए। पर मुकेश चौधरी ने उन्हें एक रन पर आउट कर झटका दिया। मुकेश चौधरी ने डेब्यू कर रहे ट्रिस्टन स्टब्स को शून्य पर आउट कर अपना तीसरा शिकार बनाया।

अच्छी बल्लेबाजी कर रहे ऋतिक शौकीन को मोईन अली ने 18 रन पर आउट किया और चेन्नई को 5वीं सफलता दिलाई। तिलक वर्मा ने एक बार फिर शानदार पारी खेलते हुए टीम की जीत में योगदान दिया। तिलक वर्मा ने 32 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 34 रन बनाए और टीम को जीत दिलाकर वापिस लौटे।

## शुरू में विकेट गिरे तो घबरा गये थे : रोहित शर्मा




**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को हराने के बाद कहा कि शुरू में जल्दी विकेट गिरने से थोड़े घबरा गये थे लेकिन उन्हें भरोसा था कि वे जीत दर्ज करेंगे। आईपीएल की दो सबसे सफल टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं। पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद कहा, ''जब शुरूआत में हमारे विकेट गिरे तो हम थोड़े घबरा गये थे लेकिन भरोसा था कि मैच हम जीतेंगे। वानखेड़े की पिच को हम जानते हैं। '' शुरूआती विकेट गिरने के बाद तिलक वर्मा (नाबाद 34 रन) ने संभलकर खेलते हुए टीम को जीत तक पहुंचाया। रोहित ने कहा, ''तिलक ने पहले ही साल में कमाल का प्रदर्शन किया है, उसका जज्बा शानदार है। ''

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा, ''विकेट जैसा भी हो 130 रन से कम के स्कोर का बचाव करना मुश्किल था। मैंने गेंदबाजों से विपक्षी टीम पर दबाव बनाने के लिये कहा। युवा गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की, उन्हें अनुभव के साथ कुछ सीखने को मिल रहा है। '' डेनियल सैम्स को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। सैम्स ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया।

# एलिना स्वितोलिना ने मांगी जूनियर्स प्लेयर्स की बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा

**पेरिस** । अंतरराष्ट्रीय टेनिस सर्किट पर जूनियर प्लेयर्स के बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एलिना स्वितोलिना अभियान चला रही हैं। पूर्व नंबर 3-रैंक वाली स्वितोलिना को टेनिस करियर में सफलता हासिल करने के लिए कड़ी संघर्षों से गुजरना पड़ा था। 27 वर्षीय स्वितोलिना ने कहा कि मेरे करियर में (कम उम्र में) कठिन क्षण थे। आप अकेले यात्रा करते हैं, सिर्फ अपने कोच के साथ। जब आप हर साल इतने हफ्तों की यात्रा कर रहे होते हैं, तो यह एक बड़ी चुनौती हो सकती है।

एलिना स्वितोलिना ने कहा कि आप हर सप्ताह कुछ गंवाते जाते हैं। इसलिए इसे संभालना मानसिक रूप से वास्तव में कठिन होता है। इसलिए टेनिस सर्किट में जूनियर्स को मनोवैज्ञानिक उपलब्ध करवाने का विचार अच्छा है। यही सही तरीका है। यात्राएं काफी कठिन होती हैं। मीडिया, माता-पिता, कोच की उम्मीदें



आपके साथ होती हैं। स्वितोलिना ने कहा कि बहुत कम उम्र में करतब दिखाने से उसके भावनात्मक विकास और व्यक्तित्व पर असर पड़ा। स्वितोलिना ने कहा कि निश्चित रूप से आपके मानसिक जीवन में कुछ बदल जाता है। आप और अधिक डाउनहिल हो जाते हैं, आप एक उदास व्यक्ति बन जाते हैं। आप अपने दोस्तों को याद करते हैं, अपने परिवार को याद करते हैं। आप दूसरे दिन दूसरे शहर में जाने के लिए पैकिंग करते रहते हैं। स्वितोलिना ने कहा- ऐसी बहुत सी चीजें हैं जो लोग नहीं देखते हैं, पता नहीं है कि युवा खिलाड़ी के साथ क्या हो रहा है और वे किस दौर से गुजर रहे हैं। मेरे लिए एक अच्छा व्यक्ति खोजने में कई साल लग गए, जिसके साथ मैं (चीजें) साझा कर सकती थी। बता दें कि पिछले साल जुलाई में स्वितोलिना ने फ्रांसीसी खिलाड़ी गेल मोनफिल्स से शादी की थी।

## पाकिस्तान में "सत्ता परिवर्तन के षड्यंत्र" की जांच : प्रधान न्यायाधीश को राष्ट्रपति ने लिखा पत्र

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल को पत्र लिखकर उनसे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अपदस्थ करने के वास्ते ''सत्ता परिवर्तन'' के कथित ''षड्यंत्र'' की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग गठित करने का अनुरोध किया है। खान को 10 अप्रैल को अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के बाद अपदस्थ कर दिया गया था। खान ने आरोप लगाया है कि यूक्रेन के मामले पर स्वतंत्र विदेश नीति अपनाने के फैसले के बाद अमेरिका ने उनकी सरकार गिराने का षड्यंत्र रचा। अमेरिका ने इन आरोपों का लगातार खंडन किया है। खान मांग कर रहे हैं कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय से जांच कराई जाए और उन्होंने जांच आयोग गठित करने को लेकर प्रधान न्यायाधीश बंदियाल को दो सप्ताह पूर्व एक पत्र भी लिखा था।

राष्ट्रपति अल्वी ने बृहस्पतिवार को लिखे पत्र में प्रधान न्यायाधीश से ''सत्ता परिवर्तन के षड्यंत्र'' की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग गठित करने की अपील की। उन्होंने सलाह दी कि इस आयोग का नेतृत्व बंदियाल ही करें। उन्होंने कहा कि आयोग को ''सत्ता परिवर्तन के षड्यंत्र के आरोपों की समग्र जांच'' की खुली सुनवाई करनी चाहिए, ताकि ''देश को राजनीतिक एवं आर्थिक संकट से बचाया जा सके।'' राष्ट्रपति ने आयोग की महत्ता पर जोर देते हुए सचेत किया कि पाकिस्तान पर गंभीर राजनीतिक संकट मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के लोगों और राजनीति में ध्रुवीकरण हो रहा है। उन्होंने पत्र में लिखा, ''यह खेदजनक है कि संदर्भ के बाहर जाकर बिना सोचे-समझे टिप्पणियां की जा रही हैं, गलतफहमियों को हवा मिल रही है, अवसर कम हो रहे हैं, संशय की स्थिति सुधर नहीं रही और अर्थव्यवस्था संकट में है तथा जमीनी हालात एक ऐसी राजनीतिक विस्फोटक स्थिति में बदल रहे हैं, जिसमें कभी भी विस्फोट हो सकता है।''

## पुतिन के साथ बात करने को तैयार हूंः जेलेंस्की

**रोम।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बात करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि एक समझौता होना चाहिए लेकिन शर्त के रूप में कोई 'अल्टीमेटम' नहीं होना चाहिए।

जेलेंस्की ने रात प्रसारित होने वाले एक साक्षात्कार में इतालवी आरएआई टेलीविजन से कहा कि यूक्रेन कभी भी क्रीमिया को रूस के हिस्से के रूप में मान्यता नहीं देगा, जिस पर 2014 में मॉस्को ने कब्जा कर लिया था। प्रसारण से पहले साक्षात्कार के जारी अंशों के अनुसार, यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा, 'क्रीमिया की हमेशा अपनी स्वायत्तता रही है, इसकी संसद है, लेकिन यूक्रेन के भीतर।' उन्होंने कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बात करने के लिए तैयार हैं और एक समझौता होना चाहिए लेकिन शर्त के रूप में कोई 'अल्टीमेटम' नहीं होना चाहिए।

## पाकिस्तानः कराची में विस्फोट में 1 व्यक्ति की मौत, 13 घायल

**कराची।** पाकिस्तान में आतंकी हमलों को सिलसिला बदस्तूर जारी है। बीते दिन, यानी आतंकियों ने पाकिस्तानी की आर्थिक राजधानी कराची को निशाना बनाया। कराची के सदर इलाके में यूनाइटेड बेकरी के पास IED ब्लास्ट किया गया। इस विस्फोट में 1 नागरिक की मौत हो गई, जबकि 13 घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स



के मुताबिक, धमाका इतना जोरदार था कि आस पास मौजूद गाड़ियों में आग लग गई। इसके अलावा यहां मौजूद अपार्टमेंट, दुकानों, कारों की खिड़कियां टूट गईं। अभी तक किसी आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। शहर के IGP मुश्ताक अहमद महरी ने बताया- शुरुआती जांच में पता चला है कि एक बाइक में IED फिट करके ब्लास्ट किया गया। जहां तक ??हताहतों की बात है तो एक 25 साल के लड़के की मौत हो गई है, बाकी घायलों का इलाज जारी है। राज्य के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने इस मामले पर रिपोर्ट मांगी है।

# नॉर्थ कोरिया में कोरोना से पहली मौत : लगभग 2 लाख लोग आइसोलेट, किम के आदेश पर देश में लगा सख्त लॉकडाउन

**प्योंगयांग।** नॉर्थ कोरिया में कोरोना का पहला केस मिलने के बाद शुक्रवार को एक मरीज की मौत हो गई। वहीं, 5 ऐसे लोगों की भी जान गई है जिनमें कोरोना की पुष्टि नहीं हुई थी। सरकारी मीडिया के मुताबिक फिलहाल देश में 1,87,000 लोगों को बुखार के लक्षण आ रहे हैं, जिस कारण उन्हें आइसोलेट कर दिया गया है।

बता दें कि नॉर्थ कोरिया में 8 मई को कोरोना का पहला मामला सामने आया था। गुरुवार को इसकी पुष्टि की गई और इसके साथ ही पूरे देश में लॉकडाउन लगा दिया गया। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के मुताबिक, नॉर्थ कोरिया ने 2020 के आखिर तक 13,259 लोगों के सैंपल्स की जांच की थी। इनमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई।

**नॉर्थ कोरिया में फैल रहा 'बुखार'**

देश की न्यूज एजेंसी के अनुसार, राजधानी प्योंगयांग में अप्रैल के आखिर में अचानक से लोग बुखार की चपेट में आने लगे। ये बुखार फैलते-फैलते प्योंगयांग के बाहर जा पहुंचा। अब तक कुल 3,50,000 लोगों में इस बुखार के लक्षण देखे गए हैं। हालांकि, इनमें से कितने लोग कोरोना



पॉजिटिव पाए गए हैं, एजेंसी ने इस बात का खुलासा नहीं किया है।

**देश में कोई भी वैक्सीनेटेड नहीं**

रिपोर्ट के मुताबिक, नॉर्थ कोरिया इस वक्त कोरोना विस्फोट की स्थिति में हो सकता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि देश में रहने वाले 2.5 करोड़ लोग खतरे में हैं, क्योंकि यहां न तो किसी को वैक्सीन लगेगी, न ही अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। यहां फैल रहा बुखार असल में कोरोना का ओमिक्रॉन वैरिएंट हो सकता है।

दरअसल, नॉर्थ कोरिया ने ब्रिटेन और चीन जैसे देशों में बनी वैक्सीन खरीदने से साफ इनकार कर दिया था। इसके बजाय सरकार का कहना था कि उसने जनवरी 2020 में सभी बॉर्डर्स बंद कर कोरोना को देश के अंदर आने से रोक दिया है।

**लॉकडाउन बन सकता है असली खतरा**

एक्सपर्ट्स का मानना है कि नॉर्थ कोरिया के लिए असली खतरा कोरोना नहीं, बल्कि लॉकडाउन है।

आबादी का बड़ा हिस्सा वैसे ही कुपोषण का शिकार है। पिछले दो सालों से बॉर्डर्स बंद होने के कारण वैसे भी व्यापार कम हुआ है। अब लॉकडाउन लगने से खाने और दवाओं में और कमी आ सकती है।

## ऑस्ट्रेलिया पर चीन की नजरः डिफेंस मिनिस्टर बोले- समंदर में दिखा चीनी जासूसी जहाज, चुनाव से 8 दिन पहले सामने आया बयान

**कैनबरा।** अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक और जापान से लेकर अफ्रीका के समुद्री इलाकों तक ड्रैगन की गतिविधियों से कई देश परेशान हैं। इसी बीच ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस मिनिस्टर पीटर डटन का कहना है कि चीन उनके देश की जासूसी कर रहा है। उन्होंने कहा- एक चीनी निगरानी जहाज पिछले एक हफ्ते से ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी तट पर नजर रख रहा है।

**चीन के खिलाफ माहौल बना रहे स्कॉट मॉरिसन**

डटन ने कहा कि एक चीनी जासूसी जहाज सैन्य और खुफिया ठिकानों के पास दिखाई दिया है।



उनका ये बयान 21 मई को होने वाले चुनाव से पहले आया है। दरअसल, PM स्कॉट मॉरिसन सुरक्षा को मुद्दा बनाकर जन सभाओं में चीन के खिलाफ माहौल बना रहे हैं। मॉरिसन की लिबरल पार्टी का आरोप है कि मुख्य विपक्षी दल, लेबर पार्टी को चीन आर्थिक मदद दे रहा है। चीन के साथ ऑस्ट्रेलिया के रिश्ते चुनाव के अहम मुद्दों में से एक है।

**पहले भी दिखे चीनी स्पाय शिप**-2019 और 2021 में इसी तरह का एक चीनी जहाज ऑस्ट्रेलिया के सैन्य अभियान की निगरानी करने के लिए आया था। एक्सपर्ट के मुताबिक, इस तरह का सर्विलांस अब काफी होने लगा है। खासकर एशिया-प्रशांत और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में इस तरह की सैन्य जासूसी काफी बढ़ गई है, क्योंकि इन इलाकों में रणनीतिक दुश्मनी बढ़ती जा रही है।

## शंघाई लॉकडाउन : कई देशों को जरूरी सामानों का निर्यात हो गया मुश्किल

### न्यूयॉर्क तक नहीं पहुंच रहा रेडियोलॉजी के लिए सामान

**शंघाई।** चीन के कई हिस्सों में अप्रैल से लॉकडाउन है। शंघाई में कोविड को लेकर सख्त प्रतिबंध ने दुनियाभर में स्वास्थ्य सेवाओं को बाधित करना शुरू कर दिया है। परेशानी अमेरिका तक पहुंच चुकी है। ग्रेटर न्यूयॉर्क हॉस्पिटल एसो. ने कहा है कि शंघाई स्थित जीई हेल्थकेयर में बनने वाले रासायनिक एजेंट ओमनीपेक की कमी से एक्सरे, रेडियोग्राफी और सीटी स्कैन में परेशानी हो रही है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि अगले दो महीनों के लिए आपूर्ति में 80त्न तक की कटौती संभव है। संगठन ने अस्पतालों और जांच लैबों से अपील की है कि वह स्टॉक का आवश्यक उपयोग करें।

**फायदे में सिर्फ चीन ही रहेगा**

बर्लिन सोशल साइंस सेंटर के चीन प्रोजेक्ट के हेड और चीफ इन्वेस्टिगेटर डॉ. मैथ्यू स्टीफन ने कहा इस लॉकडाउन से दुनियाभर की अर्थव्यवस्था को नुकसान हो रहा है। फायदे में सिर्फ चीन ही रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिन पिंग का कोविड को लेकर जीरो टॉलरेंस के नाम पर 45 जिलों में लॉकडाउन लगा देना एक विवादित निर्णय जान पड़ता है। यह ठीक वैसा ही, जैसे उनका यूक्रेन युद्ध में पुतिन का साथ देना। चीन दुनिया का सबसे बड़ा आयात और निर्यात करने वाला देश है।



अगर चीन में आयात और निर्यात बाधित हो जाए तो चीन के लिए कच्चा माल सस्ता होने लगता है और उसके बनाए साइकिल से सेमीकंडक्टर तक महंगे होने लगते हैं। अगस्त 2021 की तुलना में चीन का आयात मार्च में 25फीसदी घटा है।

चीन के इस फैसले से दुनिया महंगाई की मार झेलने पर मजबूर हो जाएगी। केंद्रीय बैंकों को ब्याज दरें बढ़ानी पड़ेंगी, जो घोर आर्थिक मंदी को जन्म देगा। भारत का तो 100फीसदी पोटाश चीन से आता है, जो खाद का अहम हिस्सा है। सप्लाई बाधित हुई तो खरीफ फसलों पर असर पड़ेगा।

## वीडियो : वॉटर पार्क में अचानक टूट गया स्लाइड, 30 फीट गहरे पानी में गिरे लोग, कई की हड्डियां टूटीं

**केंजेरन पार्क।** इंडोनेशिया के केंजेरन पार्क में एक भयानक हादसा हुआ। वाटरपार्क में आधी स्लाइड के बाद 30 फीट पानी में लोग गिर गए। 7 मई को हुई इस घटना का खौफनाक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें ट्यूब स्लाइड के एक हिस्से को ढहते हुए देखा जा सकता है। तैराक कंक्रीट के फर्श पर गिरते ही चिल्लाते हुए दिखाई देते हैं। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, स्लाइड के अंदर फंसे 16 लोगों में से आठ लोग बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन लोगों की हड्डियां तक टूट गईं। वहीं



वाटर पार्क प्रशासन ने कहा कि दुर्घटना इसलिए हुई क्योंकि सवारी के समय ही स्लाइड खराब और कमजोर हो गई थी। वाटर पार्क प्रबंधन ने बताया कि सबसे स्लाइड की जांच नौ महीने पहले की गई थी।

इस घटना के बाद सुराबाया शहर के उप महापौरने भविष्य में इसी तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए निरीक्षण करने की बात कही है। मेयर एरी काह्यादी ने कहा कि इस घटना में घायल सभी लोगों का इलाज और देखभाल किया जाएगा। हालांकि उन्होंने कहा कि घायल सभी लोग की स्थिति ठीक है। फेसबुक पर NOODO नाम के पेज पर इस वीडियो को शेयर किया गया है। इसमें लोगों को नीचे गिरते देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि एक्सीडेंट होने वजह स्लाइड के किनारे आई दरार है। स्लाइड के ओवरलोड होने की वजह से स्लाइड टूट गई और सभी नीचे गिर गए। साथ ही वॉटर पार्क में मेंटेनेंस पर भी सवाल उठाया गया है। कहा जा रहा है कि यहां नौ महीने पहले मेन्टेन्स का काम हुआ था। तब से लेकर अभी तक एक बार भी यहां के स्लाइड्स की मरम्मत नहीं हुई थी। इसी वजह से ये हादसा हुआ।

## नई पाक सरकार, चीन ने पहली बैठक में सामरिक सहयोग बढ़ाने को लेकर सहमति जताई

**बीजिंगः** पाकिस्तान की नवनिर्वाचित सरकर और चीन के बीच पहली आधिकारिक स्तर की बातचीत में दोनों देशों के बीच सामरिक सहयोग बढ़ाने और सीपेक परियोजनाओं में कार्य कर रहे चीनी कर्मचारियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने जैसे बिंदुओं पर 'महत्वपूर्ण सहमति' बनी। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपेक) परियोजनाओं में कार्य कर रहे चीनी नागरिकों पर हाल के दिनों में आतंकवादी हमले बढ़े हैं। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने बुधवार को पाकिस्तान के नए विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के साथ वीडियो कॉल के जरिये पहली मुलाकात में कई मुद्दों पर चर्चा की। मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने बृहस्पतिवार को यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली नई सरकार के शपथ लेने और बिलावल के विदेश मंत्री बनने के बाद से दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच यह पहली बैठक थी। उन्होंने कहा कि दोनों विदेश मंत्री सदाबहार रणनीतिक साझेदारी एवं राजनीतिक सहयोग को और बढ़ाने पर सहमत हुए। भारत ने सीपेक परियोजना को लेकर चीन के समक्ष अपना विरोध जताया है, क्योंकि यह गलियारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरेगा।

## रूस-यूक्रेन जंग : पाबंदियों का असर पश्चिमी देशों पर ही ज्यादा हो रहा, राष्ट्रपति पुतिन ने किया यह दावा

**मास्को।** यूक्रेन पर हमले के बाद पश्चिम देशों व नाटो द्वारा रूस पर लगाई गई ऐतिहासिक व जबर्दस्त पाबंदियों को लेकर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बड़ा दावा किया है। पुतिन ने कहा कि इन पाबंदियों का असर पश्चिमी

वैश्विक प्रभुत्व को बनाए रखने के लिए शेष दुनिया को छोड़ने पर



मजबूर है। बता दें, यूक्रेन पर रूसी हमले का दुनिया के आर्थिक हालात पर बुरा असर पड़ा है। दुनियाभर के देशों में ऊर्जा आपूर्ति, उर्वरक आपूर्ति और खाद्य सुरक्षा प्रभावित हुई है। इस संकट से सबसे कमजोर देश सबसे गंभीर रूप से प्रभावित हैं। वहीं, रूस आत्मविश्वास से बाहरी चुनौतियों का सामना कर रहा है। जी-7 देशों और यूरोपीय संघ (ईयू) के अलावा अमेरिका ने रूस पर बुचा नरसंहार सहित यूक्रेन में अन्य जुल्मों को लेकर आर्थिक पाबंदियां लगाई हैं। गत रविवार जी-7 ने यूक्रेन के खिलाफ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पतिन द्वारा जंग छेड़ने की निंदा की थी। संगठन ने कहा कि इस जंग के कारण वैश्विक खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम पर गंभीर असर पड़ा है। उन्होंने रूस से कहा कि वह अपने वादे के अनुरूप लगाई गई आर्थिक नाकाबंदी व पाबंदियां हटाए ताकि यूक्रेन में खाद्य सुरक्षा व निर्यात बाधित न हो। जी-7 ने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर रूस से आग्रह करते हैं कि वह आर्थिक व अन्य नाकेबंदी खत्म करे। बता दें, रूस ने यूक्रेन के डोनेत्स्क व लुहांस्क को अलग देश के रूप में मान्यता देने के तीन दिन बाद 24 फरवरी को यूक्रेन के सैन्य ढांचे को तबाह करने के इरादे से सैन्य अभियान छेड़ा था। इसके जवाब में पश्चिमी देशों ने उस पर अब तक की सबसे गंभीर पाबंदियां लगाई हैं। उधर, करीब ढाई माह से जारी जंग का अब तक कोई अंत नजर नहीं आ रहा है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## अमेरिका में 'आजादी का अमृत महोत्सव': यूएस कैपिटल में कार्यक्रम, 15 अमेरिकी सांसद शामिल हुए

**वाशिंगटन।** 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम अमेरिका में भी आयोजित किया गया जिसमें 15 से अधिक प्रभावशाली अमेरिकी सांसद शामिल हुए। देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ का जश्न मनाने के लिए भारतीय अमेरिकियों द्वारा वांशिगटन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कई क्षेत्रों के सैकड़ों भारतीय-अमेरिकियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने समुदाय के नेताओं से अपील की कि वे अमेरिकी संसद, अन्य निर्वाचित निकायों में और भारतीय-अमेरिकियों को चुने जाने में मदद करें। न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और न्यू इंग्लैंड' के फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन (एफआईए) द्वारा यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद) में आयोजित कार्यक्रम में फ्रैंक पालोने और शीला जैक्सन ली समेत 15 से अधिक प्रतिष्ठित सांसदों ने शिरकत की। फेडरेशन के अंकुर वैद्य ने बताया कि एफआईए भारतीय अमेरिकियों के लिए वाशिंगटन में भारत के स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनाने का को कांग्रेस के रिकॉर्ड द्वारा मान्यता दी गई है। एफआईए के पूर्व अध्यक्ष और बिहार फाउंडेशन



स्वतंत्रता दिवस के आसपास न्यूयॉर्क में एक बड़ा समारोह करने की योजना बना रहा है और इस दौरान 'टाइम्स स्क्वॉयर' पर झंडा भी फहराया जाएगा। एफआईए के अध्यक्ष केनी देसाई ने कहा कि आज एक ऐतिहासिक क्षण था। वहीं एफआईए सचिव श्रीजल पारिख ने कहा कि अमेरिकी कांग्रेसियों की उपस्थिति में यह आजादी का अमृत महोत्सव का एक बड़ा उत्सव था। एफआईए की सामदायिक सेवाओं यूएसए के अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम दुनिया भर में इस महत्वपूर्ण अवसर को मनाने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए आह्वान से प्रेरित था।

## बैंक नोट पर ज्यादा देर जीवित नहीं रहता कोरोना वायरस

**वाशिंगटन।** कोरोना महामारी फैलने की शुरूआत में संक्रमण को फैलने से रोकने की दिशा में लाकडाउन से लेकर अन्य कई तरह के उपाय अपनाए गए। यह धारणा बनी कि बैंक नोट से भी कोरोना वायरस फैलता है। इसलिए आपसी लेन-देन में नकदी का व्यवहार कम हुआ और कई संस्थानों ने नकदी लेन-देन पर पाबंदी भी लगाई। यहां तक कि लोग नोट को सैनिटाइज भी करने लगे।

लेकिन अब एक अध्ययन में सामने आया है कि बैंक नोट पर सार्स-सीओवी-2 (आम भाषा में कोरोना वायरस) तो तत्काल खत्म हो जाता है। उससे तो ज्यादा खतरा डेबिट, क्रेडिट से है, जिस पर वायरस काफी देर तक सक्रिय बना रह सकता है। पीएलओएस वन जर्नल में प्रकाशित इस शोध में बताया गया है कि कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए नकदी के बजाय क्रेडिट, डेबिट कार्ड से लेन-देन को बढ़ावा कतई उपयुक्त नहीं है। शोधकताओं ने पाया है कि वायरस प्लास्टिक मनी पर ज्यादा स्थिर रहता है और यह उस पर जमा होने के बाद 48 घंटे तक जिंदा रहता है। हालांकि अध्ययन के लिए एकत्र किए गए नकदी या कार्ड के सैंपल पर वायरस को सक्रिय नहीं पाया गया।